हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
dku live & dkunews24
वर्ष : 03 अंक—205 : जौनपुर, शुक्रवार 19 नवंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज —4 मूल्य : 2 रूपया

## तीन कृषि कानूनों को वापस लेने के फैसले का मुख्यमंत्री योगी ने किया स्वागत

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन कृषि कानूनों को प्रधानमंत्री द्वारा वापस लिए जाने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि हम सब जानते हैं कि तीन कृषि कानूनों को लेकर कुछ किसान संगठन आंदोलन कर रहे थे। आज गुरु पर्व पर प्रधानमंत्री ने लोकतंत्र में संवाद की भावना का सम्मान करते हुए कानूनों को वापस लेने का जो ऐतिहासिक कार्य किया है उसका उत्तर प्रदेश सरकार स्वागत करती है। उन्होंने कहा यद्यपि शुरू से ही इस संबंध में एक बड़ा समुदाय ऐसा था जो मानता था कि किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए इस प्रकार के कानून महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन इस सब के बावजूद कुछ किसान संगठन इसके विरोध में आ गए थे। सरकार ने हर स्तर पर संवाद बनाने का प्रयास किया। हो सकता है कि हमारे स्तर पर कोई कमी रह गई हो और हम लोग अपनी बात उन्हें समझाने




में कहीं ना कहीं विफल रहे जिसकी वजह से उन्हें आंदोलन के रास्ते पर आगे बढ़ना पड़ा था। केंद्र सरकार द्वारा लोकतंत्र के इस भाव का सम्मान करते हुए तीनों कानूनों को वापस लेने तथा एमएसपी के लिए समिति गठित करने के फैसले का हम स्वागत करते हैं।

## पीएम के बुंदेलखंड दौरे से भाजपा मजबूत करेगी सियासी व्यूह: पथरीली जमीन पर खिले कमल को खाद—पानी देने की तैयारी

लखनऊ ब्यूरो : तीन महीने बाद प्रस्तावित प्रदेश विधानसभा चुनाव की चौसर पर भाजपा की लगातार दूसरी जीत सुनिश्चित करने के लिए विपक्ष के विरुद्ध भाजपा के तरकश में विकासवाद, आस्थावाद, सरोकारवाद और सामर्थ्यवाद जैसे अचूक शस्त्रों को सजा चुके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बुंदेलखंड से इसमें राष्ट्रवाद का शस्त्र भी सजा देंगे। उनकी कोशिश इस दौरे से इस पथरीली जमीन पर 2014 से अब तक लहलहा रहे कमल की फसल को वर्ष 2022 के लिए पर्याप्त खाद—पानी देने की तो होगी ही। साथ ही बुंदेलों की वीरता, शौर्य और उनके राष्ट्रप्रेम में उत्सर्ग की गाथाओं, यहां के लोगों के परिश्रम, सांस्कृतिक सरोकारों के प्रति समर्पण के साथ पलायन और पानी जैसी समस्याओं के समाधान के लिए भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार के कामों को बताकर विकासवाद, आस्थावाद, सरोकारवाद, सामर्थ्यवाद पर राष्ट्रवाद का रंग चढ़ाना भी होगा। प्रधानमंत्री मोदी पिछले लगभग साढ़े चार महीने में कई बार प्रदेश के अलग—अलग स्थानों पर आ चुके हैं। पूर्वांचल में अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी फिर कुशीनगर, सिद्धार्थनगर और फिर वाराणसी, इसके बाद लखनऊ, सुल्तानपुर। अब वह बुंदेलखंड आ रहे हैं। इसके अलावा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी लखनऊ, वाराणसी, बस्ती एवं सपा प्रमुख अखिलेश यादव के संसदीय क्षेत्र आजमगढ़ आ चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कैराना से गाजीपुर तक के लगातार दौरे चल रहे हैं। इन दौरों में विकासवाद, गरीबों को दी गईं सुविधाएं पर बात के साथ आस्था व सरोकारों की रणनीतिक चालों से बाजी सजा चुके प्रधानमंत्री का अब परिश्रम व पराक्रम और आत्मसम्मान व आत्मगौरव की पराकाष्ठा की तमाम गाथाओं को अपने आंचल में छिपाए बुंदेलखंड की धरती पर आना बता रहा है कि भाजपा ने वर्ष 2022 की बिसात पर मोहरे ही नहीं बिछा दिए हैं, बल्कि उन चालों को भी चलना शुरू कर दिया जिनसे भाजपा को विपक्ष को मात देने की उम्मीद नजर आ रही है। प्रतीकों से निकल रहे दौरे के निहितार्थ। राजनीति में प्रतीकों और उनके प्रयोग के समय का बहुत महत्व होता है। सभी को पता है कि झांसी की रानी हमारे देश के स्वतंत्रता संग्राम का ऐसा नाम हैं, जिनकी बहादुरी के उल्लेख के बिना आजादी की लड़ाई का इतिहास पूरा नहीं होता। इनमें बुंदेलों और पेशवा की वीरता की गाथाएं भरी पड़ी हैं। आल्हा—ऊदल तो वीरता के प्रतीक हैं, जो सिर्फ बुंदेलखंड में नहीं, अपितु देश के तमाम हिस्सों में चर्चित हैं। इसको देखते हुए डिफेंस कॉरिडोर के झांसी नोड में मिसाइल निर्माण के लिए भारत डायनामिक्स लि. की इकाई का शिलान्यास करने के लिए आजादी के अमृत महोत्सव के तहत चल रहे 'राष्ट्र रक्षा समर्पण पर्व' के समापन



के बहाने रानी लक्ष्मीबाई की जयंती चुनना अपने आप प्रधानमंत्री के इस दौरे के महत्व को समझा देता है कि वह क्या संदेश देने वाले हैं। वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र भट्ट कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की अब तक शैली को देखते हुए यह लग रहा है कि वे बुंदेलखंड के दौरे में प्रतीकों के जरिये न सिर्फ वीरता की इस धरती के विकास की गैर भाजपा सरकारों की तरफ से की गई उपेक्षा का उल्लेख कर उन्हें घेरेंगे, बल्कि यहां की गाथाओं के सहारे राष्ट्रवाद के हथियारों से भी उन पर हमला भी करेंगे। इसका जवाब दे पाना विपक्ष के लिए काफी मुश्किल होगा। क्योंकि बुंदेलखंड के विकास की अब तक हुई अनदेखी व यूपीए सरकार के राहत पैकज में हुई लूटपाट और उस पर हुई सियासी खींचतान के आरोपों से गैर भाजपा दलों का बच पाना मुश्किल है। यह भी है वजह। वैसे तो प्रधानमंत्री कई अन्य परियोजनाओं का भी शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। इनमें रक्षा—सुरक्षा से लेकर जनसुविधाएं तक शामिल हैं। पर, उनका झांसी के बाद महोबा का दौरा विकासवाद से राष्ट्रवाद के रंग को और गाढ़ा कर सकता है। बुंदेलखंड के वरिष्ठ पत्रकार देवीप्रसाद गुप्त कहते हैं कि बुंदेलखंड की धरती अकूत जल भंडार व खनिज संपदा को अपनी गोद में छिपाए है। बावजूद इसके यह धरती अब तक प्यासी और बदहाल रही है। इसकी वजह से लोग पलायन को मजबूर हुए। ऐसे में प्रधानमंत्री का बुंदेलखंड का यह आठवां और महोबा का तीसरा दौरा काफी अहम है। महोबा में वे जिस अर्जुन बांध परियोजना का लोकार्पण करने आ रहे हैं, उससे किसानों को खेती के लिए पानी मिलना सुलभ होगा और पलायन रुकेगा। गुप्त की बातों से साफ है कि बुंदेलखंड के कुछ हिस्से की सूखी धरती को सींचने वाली इस परियोजना के सहारे प्रधानमंत्री की कोशिश 'कमल' के लिए पानी जुटाने की भी होगी। ध्यान दिलाना जरूरी है कि नरेंद्र मोदी ने बतौर प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में 27 अक्तूबर 2013 को झांसी में विजय शंखनाद रैली में कहा था, 'मैं आज आपके पास रोने—धोने के लिए नहीं आया। न मैं आंसू बहाने आया हूं और न ही आंसू बहाने वालों की कथा सुनाने आया हूं। मैं आज आपके आंसू पोंछने का यकीन दिलाने आया हूं। यहां की वीरता को नमन करने आया हूं।' साफ है कि प्रधानमंत्री शुक्रवार को बुंदेलखंड के लोगों को वादों पर खरे उतरने का भरोसा ही नहीं दिलाएंगे, बल्कि बुंदेलखंड में हिंदुत्व की आस्था से जुड़े चित्रकूट तो वीरों के इतिहास को संजोए कलिंजर से लेकर महोबा के किलों तक के विकास व सुरक्षा और उनके सरोकारों को विस्तार देकर भी भाजपा के तरकश में राष्ट्रवाद के हथियार सजाएंगे।

## शिक्षा के साथ खेल छात्रों के सर्वांगीण विकास में आवश्यक है : विद्यासागर सोनकर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खण्ड विकास करंजाकला में — खण्ड स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी करंजाकला श्री०सुनील कुमार जी के नेतृत्व में किया गया । जिसमे मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य श्री विद्यासागर सोनकर जी रहे ।मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम का फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ब्लॉक—प्रमुख करंजाकला श्री सुनील यादव रहे। मुख्य अतिथि ,विशिष्ट अतिथि का स्वागत खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री० सुनील कुमार जी व उपस्थित अध्यापक/अध्यापिकाओं द्वारा बुके एवम माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि श्री सोनकर जी ने अपने उदबोधन में जोर देकर कहे छात्रों के सर्वांगीण विकास में शिक्षा के साथ साथ खेल कूद वहुत आवश्यक हैं। प्रतियोगिता में न्याय—पंचायत स्तर से चयनित विद्यालय के छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्राथमिक स्तर बालक 100 मीटर दौड़ में अभिषेक यादव प्राथमिक विद्यालय काजीबाजार प्रथम स्थान पर रहे ।बालिक100 मीटर में खुशबू प्राथमिक विद्यालय दरवानीपुर प्रथम रही। जूनियर बालक 100 मीटर में रोहित ,उच्च प्राथमिक विद्यालय भकुरा प्रथम,बालिका वर्ग में आंशिक पाल नादियापार प्रथम रही। बालक200 मीटर में विकास उच्च प्राथमिक विद्यालय गडैल प्रथम,बालिका वर्ग में आंशिक पाल नादियापार प्रथम रही ।बालक लंबी कूद रोहित भकुरा प्रथम बालिका वर्ग खुशी भइसनी प्रथम रही। बालक उची कूद में देवब्रत, आरा प्रथम व बालिका वर्ग में अर्चना पचेवर प्रथम रही। बालक कबड्डी में



उच्च प्राथमिक विद्यालय चौकिधरसन्द प्रथम बालिका कबड्डी में कम्पोजिट कोटवार प्रथम स्थान पर रहा ।बालक खोखो में न्है जफफपुर प्रथम स्थान,बालिका खोखो न्है जाफरपुर प्रथम स्थान पर रही ।लघु नाटिका में कम्पोजिट कोंहड़ा सुल्तानपुर प्रथम स्थान पर रहा। प्रतियोगिता का विशेष आकर्षण शिक्षकों का खेल में प्रतिभाग करना रहा ।शिक्षक पुरुष वर्ग में निरंजन जी तथा महिला शिक्षक दौड़ में सुनीला ,निशा मिश्रा एवम वंदना क्रमशः प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किये ।प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ० गोरखनाथ पटेल जी द्वारा पुरस्कार स्वरूप प्रमाणपत्र एवम मैडल प्रदान किया गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ पटेल जी ने अपने सारगर्भित उदबोधन में कहा स्वस्थ शरीर से ही स्वस्थ मन का विकास होता है ।स्वस्थ मन के लिए छात्रों में खेल कूद की भावना होनी चाहिए ।शिक्षकों को खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा पुरस्कार दिया गया ।कार्यक्रम का संचालन संजीव एवम अतुल राय द्वारा किया गया ।कार्यक्रम के आयोजक खंड शिक्षा अधिकारी करंजाकला श्री० सुनील कुमार ने सभी अतिथियों व कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यापको के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कल लखनऊ के विशसरैया सभागार में होगी कायस्थों की चिंतन बैठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में पूरे उत्तर प्रदेश कायस्थों की वर्तमान स्थिति पर एक चिंतन बैठक लखनऊ के विश्वेश्वरैया सभागार में 20 नवम्बर 2021 को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर इंद्रसेन श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान में कायस्थों की स्थिति पर चर्चा परिचर्चा के लिए आगामी 3 दिसंबर को कायस्थ महासम्मेलन आयोजित करने से पहले आगामी 20 नवंबर को एक चिंतन बैठक लखनऊ स्थित विशसरैया सभागार राज भवन के सामने लोक निर्माण विभाग कार्यालय के पास आयोजित किया जा रहा है। इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्यसभा सांसद आरके सिन्हा मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों के जिलाध्यक्ष, महामंत्री व महासभा के विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष व महामंत्री सहित उत्तर प्रदेश में निवास कर रहे सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी व प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। आगामी 3 दिसंबर को प्रदेश स्तरीय कायस्थ महासम्मेलन के मद्देनजर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के सभी पदाधिकारियों को राष्ट्रीय अध्यक्ष दिशा—निर्देश देंगे तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आह्वान भी करेंगे। इसी दिन कायस्थ समाज में कार्य कर रहे विभिन्न सामाजिक संगठनों की भी एक बैठक आयोजित की जाएगी और उनसे भी कायस्थों की उन्नति एवं प्रगति हेतु चर्चा किया जाएगा। आगामी 20 दिसंबर को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के सभी जिला स्तरीय के पदाधिकारियों को विश्वेश्वरैया सभागार में बैठक में आने के लिए अपील भी किया गया है। उक्त आशय की जानकारी अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश प्रवक्ता विश्व प्रकाश श्रीवास्तव ने दी।

## 15 लाख दीयों से रौशन होंगे घाट एवं लेजर शो से जगमग होगी काशी : कन्याएं उतारेंगी गंगा आरती

वाराणसी ब्यूरो : देव दीपावली की रात शिव की नगरी का नजारा देवलोक का आभास कराएगा। घाट, कुंड, गलियां, चौबारे और घर की चौखट दीयों की रौशनी से जगमग होगी। अस्सी से राजघाट तक 84 घाटों के बीच 22 से अधिक जगहों पर गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा। शहर से लेकर गांव, घाट और नदियों के किनारों को रौशनी से सजाने की तैयारियां चल रही हैं। चेतसिंह घाट, राजघाट पर लेजर दिखाया जाएगा। साथ ही गंगा घाट 15 लाख दीयों से जगमग होंगे। उत्तरवाहिनी गंगा के तट से लेकर वरुणा के किनारे दीपमालिकाओं की मणिमाला से रौशन होंगे। दीपों से सजी भव्य रंगोलियों की अनगिनत शृंखलाएं चौरासी गंगा घाटों पर आकर्षण का केंद्र होंगी। इसमें अस्सी, भदैनी, तुलसीघाट, शिवाला, हरिश्चंद्र, शंकराचार्य घाट, दशाश्वमेध, अहिल्याबाई, ललिताघाट, पंचगंगा घाट, सिंधिया घाट, मणिकर्णिका घाट प्रमुख हैं। भगवान विश्वेश्वर की नगरी में कन्याएं पहली बार मां गंगा की महाआरती उतारेंगी। गंगोत्री सेवा समिति की ओर गंगा आरती के इतिहास में पहली बार पांच कन्याएं आरती करेंगी। काशी के विद्वानों की सहमति के बाद यह निर्णय लिया गया है। पांच कन्याओं के अलावा 21 बटुक और 42 रिद्धि—सिद्धि महाआरती में शामिल होंगी। 108 किलो फूल से होगा मां गंगा का महाशृंगार। काशी की गंगा आरती तो देश भर में प्रसिद्ध है, लेकिन इस बार देव दीपावली पर आरती का नजारा अद्भुत होगा। गंगोत्री सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष पं. किशोरी रमन दुबे ने बताया कि प्राचीन दशाश्वमेध घाट पर महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। मां गंगा का 151 लीटर दूध से अभिषेक होगा और असंख्य दीप दान किया जाएगा। वहीं घाट पर 11 हजार दीप जलाए जाएंगे और विद्युत झालर व फूलों से भव्य सजावट की जाएगी। 108 किलो अष्ट धातु की मां गंगा की चल प्रतिमा का 108 किलो फूल से महाशृंगार किया जाएगा। तैयार हो रहा इंडिया गेट, 51 कन्याएं उतारेंगी आरती। गंगा सेवा निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्र ने बताया कि दशाश्वमेध घाट पर महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। शहीदों की याद में इंडिया गेट की रेप्लिका का भी निर्माण कराया जा रहा है। राष्ट्र के अमर योद्धाओं को समर्पित आरती में एक संकल्प गंगा किनारे के माध्यम से लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई जाएगी। देव दीपावली पर मां गंगा की महाआरती में नारी शक्ति की अद्भुत तस्वीर भी देखने को मिलेगी। इस वर्ष भव्य देव दीपावली के अवसर पर आयोजित होने वाली भव्य महाआरती का प्रारंभ 51 कन्याओं द्वारा मां गंगा की आरती से किया जाएगा। शहीद सैनिकों के परिजनों को दी जाएगी सहायता राशि। शहीद सैनिकों को भागीरथी शौर्य सम्मान और परिजनों को 51—51 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। देव दीपावली के मुख्य अतिथि गंगा टास्क फोर्स के लेफ्टिनेंट जनरल राना और विशिष्ट अतिथि अनुराधा पौडवाल होंगी। 21 ब्राह्मणों द्वारा भगवती मां गंगा का वैदिक रीति से पूजन किया जायेगा। राम जन्म योगी द्वारा शंखनाद किया जाएगा। गंगा सेवा निधि के 21 ब्राह्मण, दुर्गा चरण इंटर कॉलेज की 42 कन्याएं रिद्धि—सिद्धि के रूप में ब्राह्मणों के साथ होंगी। श्री काशी विश्वनाथ डमरु दल के पांच स्वयं सेवकों द्वारा मां भगवती की भव्य महाआरती आरंभ होगी एवं 51 हजार दीपों से घाट व घाटों के भवनों का कोना—कोना जगमग हो उठेगा।

आवश्यक सूचना
आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई—पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें—
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
—संपादक

## खजनी ब्लाक में कार्यरत सचिव नें नदी में कूदकर दी जान

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : खजनी ब्लाक में कार्यरत सचिव राहुल चौधरी उम्र 21 वर्ष सरकारी काम के बोझ से परेशान होकर बृहस्पतिवार दोपहर 2:00 बजे बाघागाड़ा फोरलेन से राप्ती नदी में कूदकर जान दे दी,सूचना पर पहुंचे एनडीआरएफ टीम शव को खोज पाने में असफल रही,ब्लॉक के कर्मचारियों व पुलिस पुल पर पहुंचकर लाश को तलाश रही है। बता दें खजनी ब्लाक में सचिव के पद पर कार्यरत कर्मचारी राहुल चौधरी पुत्र स्व0 विजय कुमार



चौधरी तुर्कमानपुर मोहल्ले के रहने वाले थे,यह अविवाहित थे,गगहा में लिपिक पद पर कार्यरत पिता विजय कुमार के आकस्मिक निधन पर खजनी ब्लॉक में जून 2020 को सचिव के पद पर नियुक्ति हुई थी, इनकी उम्र कम व हकलाने की वजह से इनको सिर्फ 2 गांव डुमरैला व डोडो दिया गया था लेकिन कुछ दिनों पहले से सरकारी कामकाज को लेकर राहुल काफी चिंतित थे,राहुल अपनी जिम्मेदारी को संभल नहीं पा रहे थे, इन्होंने इस संबंध में बीडीओ कार्तिकेय मिश्रा को अवगत करा दिया था,इस बात का ब्लॉक के समस्त सचिवों को भी जानकारी हुई थी, इसी बात से चिंतित राहुल आज दोपहर 2:00 बजे के करीब बाघागाड़ा फोरलेन से कूदकर जान दे दी, स्वजनो का रो रो कर बुरा हाल है,स्वजन व ब्लाक के कर्मचारीगण मौत की वजह बताने से कतरा रहे हैं मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस व गोताखोरों ने लाश खोजने की बहुत कोशिश की लेकिन लाश नहीं मिल सका।

## धान क्रय केंद्र का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : सदर तहसील अंतर्गत पिपराइच थाना क्षेत्र में जिलाधिकारी विजय किरन आनंद धान क्रय केंद्र व प्राथमिक विद्यालय का किया औचक निरीक्षण धान क्रय केंद्र संचालक को दिया चेतावनी प्राथमिक विद्यालय पर बन रहे भोजन छात्र छात्राओं के साथ किया ग्रहण। सहकारी समिति धान क्रय केंद्र सिधौली व प्राथमिक विद्यालय सिधौली ग्राम मटिहनिया जनूबी धान क्रय केन्द्र व नथुवा धान क्रय केन्द्र का डीएम ने किया औचक निरीक्षण साथ मे सदर तहसीलदार बृजमोहन शुक्ला पिपराइच थाना अंतर्गत बेला काटा व एक अन्य धान क्रय केंद्र का निरीक्षण किया जिलाधिकारी ने धान क्रय केंद्र व्यवस्थापक को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि क्रय केंद्र पर आने वाले किसी भी किसान को वापस नहीं भेजना है लाए हुए धान को तौल करवाकर तत्काल किसान के खाते में सरकार द्वारा निर्धारित धनराशि को हस्तांतरित किया जाये जिससे किसान को बेवजह समितियों का चक्कर ना लगाना पड़े अगर किसान का खाता आधार कार्ड से लिंक नहीं है तो तुरंत सहज जन सेवा केंद्र से खाता व आधार को लिंक कराते हुए किसान के खाते में धनराशि हस्तांतरित की जाए अगर किसी भी धान क्रय केंद्र द्वारा हीला हवाली करते हुए पाया जाता है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी जिलाधिकारी ने सिधौली प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण कर विद्यालय पर आए हुए छात्र—छात्राओं से विद्यालय के बारे में जानकारियां प्राप्त कर विद्यालय में ना आने वाले शिक्षकों के बारे में जानकारियां प्राप्त की विद्यालय में 1 शिक्षक अनुपस्थिति मिला लेकिन संयोग अच्छा रहा कि उक्त शिक्षक अवकाश लिया हुआ था डीएम मिड डे मील द्वारा उपलब्ध कराए गए विद्यालय में तैयार किए गए भोजन को छात्र छात्राओं के साथ ग्रहण किया और छात्रों से पूछा कि इसी तरह प्रतिदिन भोजन मिलता है या आज केवल इस तरह बेहतर खाना मिल रहा है क्योंकि जिलाधिकारी तो केवल धान क्रय केंद्र का निरीक्षण करने निकले थे रास्ते में विद्यालय पड़ने पर विद्यालय का निरीक्षण कर मिड डे मील भोजन ग्रहण कर विद्यालय का विधिवत निरीक्षण कर छात्र छात्राओं से विस्तृत जानकारियां प्राप्त कर आए हुए अध्यापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया कि प्रतिदिन छात्र—छात्राओं को बेहतर तरीके से शिक्षा दी जाए जिससे यह छात्र—छात्राएं देश का भविष्य बन सके और जनपद का नाम रोशन करें।

## गुलरिया थाने के दो उपनिरीक्षक एक कांस्टेबल निलंबित

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : डीआईजी रेंज के आदेश पर ASP/CO बांसगाँव श्री राहुल भाटी द्वारा की गयी जाँच में थाना गुलरिहा पर अवैध रूप से वादी को थाने पर बैठाने के आरोप में लापरवाही, अकर्मन्यता तथा स्वेच्छाचारिता बरतने के दोषी पाए गए है । इस कारण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर द्वारा वरिष्ठ उप निरीक्षक राम प्रवेश सिंह, उ0नि0 राकेश कुमार सिंह एवं हे0का0 राजकुमार मिश्रा थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया तथा विभागीय जांच आसन्न है। तत्कालीन SHO गूलरिहा के विरुद्ध भी विभागीय कार्यवाही के आदेश किए गए है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

—सुविचार—
*वो आगे बढ़ते हैं जो सूरज को जगाते हैं वो पीछे रह जाते हैं जिन्हें सूरज जगाता है—*
—साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# हरिद्वार में जगदीश वत्स की गुमनाम शहादत

हरिद्वार में हरि की पैड़ी पर श्रद्धालुओं और पर्यटन प्रेमियों की भीड़ है। मैं यहां खड़े होकर शहर के इतिहास को मुड़—मुड़कर देख रहा हूं। वर्ष 1808 का साल था, तब एक अंग्रेज पर्यटक फैलिक्स विन्सेंट रेपर आया और उसने यहां बाजारों में 'हर चौथी दुकान हलवाई की' देखी। वर्ष 1848 में अंग्रेज इंजीनियर कर्नल प्रॉबी टी काटले के नेतृत्व में गंगा से पहली बार नहर निकालने का विराट अभियान चला, जिसका उद्घाटन आठ अप्रैल, 1854 को भारत के तत्कालीन गवर्नर लॉर्ड डलहौजी ने किया।

मैं हरि की पैड़ी के ऊपर पसरे आधुनिकतम बाजार से गुजरते हुए इस पैड़ी के प्रथम निर्माण के साथ जुड़ी एक कथा को याद करता हूं, जब सम्राट विक्रमादित्य के बड़े भाई अवंतिका नरेश भर्तृहरि गृहस्थी से विरक्त होकर यहां के गंगा तट पर आ बसे थे। उनके निधन के बाद विक्रमादित्य ने ही सबसे पहले यहां भर्तृहरि की स्मृति में घाट और सीढ़ियां बनवाई थीं। मुझे पुराना हरिद्वार देखना है। मैं कनखल की ओर चल पड़ता हूं।

ब्रह्मा—पुत्र प्रजापति दक्ष की राजधानी रहे इस उपनगर में अनेक प्राचीन इमारतें अपनी गौरव—कथा बताने के लिए अब अंतिम सांसें गिन रही हैं। कनखल के झंडा चौक पर पहुंचकर मैं प्रसिद्ध व्याकरणाचार्य और लेखक आचार्य किशोरी दास वाजपेयी की प्रतिमा को प्रणाम करता हूं, जिसका अनावरण आठ फरवरी, 1992 को साहित्यकार अक्षय कुमार जैन ने किया था। भीड़ है चारों तरफ। पर किसी का ध्यान आचार्य वाजपेयी के इस उपेक्षित स्मारक की ओर नहीं है।

उनकी प्रतिमा के आसपास कारों, मोटर साइकिलों और ऑटो रिक्शा के खड़े होने की जगह बन गई है या फिर यह आवारा पशुओं की शरण स्थली है। मैं लोगों से पूछता हूं कि आचार्य वाजपेयी कहां रहते थे। कोई अता—पता न मिलने पर निकट के खन्ना स्वीट्स के नब्बे वर्षीय पेरूमल खन्ना के पास बैठकर शहर के अतीत पर कुछ चर्चा करता हूं। वह बताते हैं कि आचार्य वाजपेयी होली चौक पर इंजन वाली हवेली में किराये पर रहते थे।

हिंदी के इस 'पाणिनी' ने 11 अगस्त, 1981 को यहीं अंतिम सांस ली थी। अब यहां उनके परिवार का कोई नहीं है। कनखल से लौटते हुए मैंने ज्वालापुर का रास्ता पूछ लिया है। मार्ग में एक चौराहे पर शहीद—ए—आजम भगत सिंह की आवक्ष प्रतिमा और उससे थोड़ा आगे लोहामंडी जाकर एक संकरी गली के आखिरी मकान के सामने खड़े होकर मुझे कवि त्रिलोचन शास्त्री के वे कठिन दिन याद आते हैं, जब उन्होंने अपनी पुत्रवधू उषा सिंह के इसी घर में जीवन के अंतिम दिन गुजारे थे।

तब यह शहर हिंदी लेखकों और साहित्य—प्रेमियों का केंद्र बन गया था। उषा सिंह मुझे वह कमरा भी दिखाती हैं, जिसमें त्रिलोचन की यादें बसी हैं। उषा जी के पास से लौटते हुए योगेश योगी से मेरी भेंट हुई, जो स्वामी श्रद्धानंद और आचार्य श्रीराम शर्मा की पत्रकारिता का तुलनात्मक अध्ययन कर रहे हैं। स्वामी दयानंद के प्रिय शिष्य स्वामी श्रद्धानंद ने यहां गुरुकुल की नींव डाली, जो आज गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के रूप में विख्यात है।

इसी विश्वविद्यालय के पुरातत्व संग्रहालय में बीते वर्ष पाकिस्तान के लाहौर उच्च न्यायालय से शहीद भगत सिंह के मुकदमे की कार्यवाही की प्रमाणित प्रति लाकर रखी गई, जो दो हजार पृष्ठों में फारसी लिपि में है। इस शहर में ऋषिकुल जैसी संस्था का निर्माण महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की प्रेरणा से हुआ था। कौन जाने कि 19वीं सदी के कवि जगन्नाथ दास 'रत्नाकर' ने अपनी गंगालहरी की रचना यहां विष्णुघाट स्थित अयोध्या भवन (हाउस) में बैठकर की थी और बाद में प्रभाकर माचवे भी यहां की चेतनदेव कुटिया में रहकर लेखन कार्य करते रहे।

अरुणा आसफ अली की गिरफ्तारी 1942 में हरिद्वार में लड़कों के एक हॉस्टल से हुई थी। अब मैं राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज के प्रांगण में आ चुका हूं, जहां के छात्र जगदीश प्रसाद वत्स 14 अगस्त, 1942 को हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर झंडा फहराते हुए पुलिस की गोली से शहीद हुए थे। उनका शव परिवार वालों को नहीं दिया गया। तब वत्स की उम्र 17 वर्ष थी। पुलिस ने उन पर रेलवे बुकिंग ऑफिस से पैसा लूटने का आरोप लगाया था, पर जज ने वह बात स्वीकार नहीं की।

पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 1945 में वत्स के परिवार को एक ट्रॉफी भेजी, जिस पर लिखा था, 'दिस ट्रॉफी इस अवार्डेड टू वत्स फैमिली ऑफ खजूरी अकबरपुर इन मेमोरी ऑफ श्री जगदीश प्रसाद वत्स द मार्टियर हू वाज शॉट डेड इन पुलिस स्ट्रगल ऑफ 1942 एट हरिद्वार।' आयुर्वेदिक कॉलेज के प्रांगण में ऋषिकुल स्नातक संघ, हरिद्वार की ओर से 22 दिसंबर, 2004 को स्थापित शहीद वत्स की प्रतिमा की ओर अब कोई नहीं देखता।

इस कॉलेज में प्राचार्य रहे डॉ. विष्णुदत्त अग्रवाल से मैं शहीद वत्स की बलिदान—कथा बांचता हूं। सहारनपुर से वत्स का गांव खजूरी अकबरपुर 10 किलोमीटर दूर है, जहां उनका स्मारक बना है। वहीं 25 जुलाई, 1925 को उनका जन्म हुआ था। उनके पिता कदमसिंह शर्मा पटवारी थे। सहारनपुर जिले में स्वतंत्रता संग्राम सैनिक संघ के अध्यक्ष रहे स्वर्गीय पं. ताराचंद अक्सर शहीद वत्स की चर्चा किया करते थे। बयालीस के आंदोलन की 75वीं सालगिरह पर भी किसी याराने—वतन की जुबान पर जगदीश वत्स का नाम नहीं आया।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## दीपदान से मिलती है मोक्ष की प्राप्ति : जानिए इस व्रत की खास महिमा

वाराणसी ब्यूरो : काशी विद्वत परिषद के अध्यक्ष पद्मश्री प्रो. रामयत्न शुक्ल ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन भगवान शिव के पुत्र कार्तिकेय ने तारकासुर का वध करके उन्हें स्वर्ग वापस दिलाया था। तारकासुर के वध के बाद उसके तीनों बेटों ने देवताओं से बदला लेने का फैसला कर लिया। उन्होंने ब्रह्मा जी की तपस्या करके तीन नगर मांगे और कहा की जब यह तीनों नगर जब अभिजित नक्षत्र में एक साथ आ जाएं तब असंभव व्रत, असंभव बाण से बिना क्रोध किए हुए ही उनका वध हो सकेगा। उन्होंने देवताओं को परेशान करना शुरू कर दिया और उन्हें स्वर्ग से बाहर निकाल दिया। सभी देवी देवता त्रिपुरासुर से बचने के लिए भगवान शिव की शरण में पहुंचे। देवताओं का कष्ट दूर करने के लिए भगवान शिव ने त्रिपुरासुर का वध किया। इस खुशी में सभी देवी देवता भगवान शिव की नगर काशी में पधारे और दीप दान किया। माना जाता है तभी से काशी में कार्तिक पूर्णिमा के दिन देव दीपावली मनाने की परंपरा चली आ रही है। देवदीपावली पर काशी में दीपदान से मोक्ष की प्राप्ति होती है। भगवान शिव भी आते हैं काशी में दीप जलाने। काशी विद्वत परिषद के मंत्री डॉ. रामनारायण द्विवेदी ने बताया कि माना जाता है कि चतुर्दशी के दिन भगवान शिव और सभी देवी देवता काशी में आकर दीप जलाते हैं। इस दिन स्वयं भगवान आकर दीप जलाते हैं। यदि इस दिन कोई व्यक्ति सच्चे मन से काशी में जाकर दीप जलाता है और भगवान से प्रार्थना करता है तो उसके जीवन की सभी इच्छाएं पूर्ण होती है और मृत्यु के बाद उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। ऐसे करें पूजन। ज्योतिषाचार्य पं. दीपक मालवीय ने बताया कि ब्रह्म मुहूर्त में उठकर निवृत्त होकर अपने आराध्य देवी देवता की पूजा अर्चना के पश्चात कार्तिक पूर्णिमा के व्रत का संकल्प लेना चाहिए। स्नान करके देव दर्शन करके पुण्य अर्जित करना चाहिए। इस दौरान दीप प्रज्वलित करने की परंपरा है। नदियों और सरोवरों में इस दिन दीपदान किया जाता है। पीपल और तुलसी के वृक्षों का दीपक जला कर उनका पूजन किया जाता है। इस दिन प्रतीक के रूप में दान का भी विधान है। फलाहार ग्रहण करके श्री सत्यनारायण भगवान की पूजा से अभीष्ट की प्राप्ति होती है। धर्म शास्त्रों में कार्तिक पूर्णिमा के दिन किए गए दान का फल यज्ञ के समान बताया गया है।

# जीरो टिलेज मशीन को हरी झंडी दिखाकर डीएम ने किया रवाना

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : जिलाधिकारी विजय किरन आनंद विकास भवन से जीरो टिलेज मशीन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जीरो टिलेज मशीन से गेंहू की खेती, कृषि यंत्रीकरण योजना, गेहूं, चना, मसूर आदि का बीज वितरण, डीएपी की जगह पीएसबी का खेतो में प्रयोग विधि, जल जीवन हरियाली योजना का लाभ मिल सकेगा इस मशीन की मदद से खेतों में छेद कर के बीजों को एक निश्चित गहराई में दबा दिया जाता है इससे ना केवल मेहनत बचता है बल्कि इससे खेतों की बार—बार जुताई में खर्च होने वाली ऊर्जा भी बचता है इस वजह से काफी समय भी बचता है इससे अगली फसल की तैयारी करने के लिए भी काफी वक्त मिल जाता है इसकी वजह से खरपतवार का खतरा भी काफी कम हो जाता है उचित गहराई से बीज बोने और उनके आसपास मौजूद छोटी—छोटी नालियों की वजह से पानी अच्छी तरह से उन तक पहुंच पाता है इससे पानी की बर्बादी कम होती ही है पैदावार भी अच्छी होती है साथ ही पानी ऊर्जा और जमीन की उर्वरता की कभी भी पूरा संरक्षण करती है ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण में आ रहे बदलावों को भी रोक सकता है अगर इस नई तरह की खेती को बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया तो कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा को कम करने में मदद कर सकती है। उप कृषि निदेशक संजय सिंह ने बताया कि आईटीसी द्वारा तैयार किए गए यंत्र जीरो टिलेज मशीन से 40000 हेक्टेयर जुताई करने का लक्ष्य जनपद में रखा गया है इसे आसानी से प्राप्त कर लिया जाएगा यह किसानों के लिए रामबाण का काम करेगा इससे किसान अत्यधिक लाभान्वित होंगे।

## क्षेत्राधिकारी खजनी ने नाबार्ड के सुक्ष्म उद्यम विकास कार्यक्रम का फीता काटकर किये उद्घाटन

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : खजनी ब्लाक में 'मानव विकास सेवा संस्थान 'द्वारा छत्स्ड के 30 स्वयं सहायता समूह के प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया! जिसमें नाबार्ड की जिला विकास प्रबंधक, गोरखपुर दीप्ति पंत, खंड विकास अधिकारी खजनी कार्तिकेय मिश्रा, पुलिस क्षेत्राधिकारी खजनी सुरेंद्र कुमार सिंह, यूनियन बैंक की फील्ड ऑफिसर तथा तथा संस्था प्रमुख प्रतिमा शर्मा जी उपस्थित रही! कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस क्षेत्राधिकारी खजनी द्वारा फीता काटकर किया गया व दीप प्रज्वलित किया गया! प्रशिक्षण का विषय सिलाई (वस्त्र व मास्क )पर आधारित है, जिसे नाबार्ड के सहयोग से मानव विकास सेवा संस्थान के द्वारा संचालित कराया जा रहा है! प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड दीप्ति पंत द्वारा महिलाओं को अपने सूक्ष्म उद्यम को किस प्रकार से रोजगार से जोड़ा जाए व आर्थिक स्थिति



को बाजार के माध्यम से मजबूत बनाया जाए आदि विषय पर चर्चा की गई! खंड विकास अधिकारी द्वारा महिलाओं को रोजगार हेतु किया गया व पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा महिलाओं को कार्यस्थल पर सुरक्षा प्रदान करने का आश्वासन दिया गया!

## बूथ कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़: अरविंद मेनन

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : खजनी क्षेत्र के किड्स यूनिवर्स स्कूल में भाजपा पार्टी कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक आहूत की गई जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा राष्ट्रीय सचिव व गोरखपुर क्षेत्र के संगठन प्रभारी अरविंद मेनन रहे,बैठक के दौरान मुख्य अतिथि अरविंद मेनन ने खजनी मंडल के शक्ति केन्द्र संयोजक व शक्तिकेन्द्र प्रभारी बैठक को सम्बोधित करते हुए बताया आगामी विधानसभा चुनावों में वरिष्ठ कार्यकर्ता बूथवार समीक्षा करे और कार्यकर्ताओं को प्रत्येक बूथ जीतने का मंत्र देते हुए कहा बूथ कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है हर बूथ कार्यकर्ता को अपने छूटे मतदाता को मतदाता सूची से जोड़ना है,जनता को मौसमी राजनीतिक दलों से बचने एवं केंद्र व प्रदेश सरकारों की उपलब्धियों को घर घर जाकर बताने का आह्वान किया।बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष धरणीधर राम त्रिपाठी व संचालन मंडल महामंत्री ब्रजेन्द्र चतुर्वेदी बंटी ने किया।बैठक में खजनी विधायक संत प्रसाद, जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह,उपाध्यक्ष जगदीश चौरसिया,हरिकेश राम त्रिपाठी, राजाराम




कनौजिया, रत्नेश पांडेय, वैभव सिंह,दिनेश पांडेय,उमेश चौरसिया,लेखपाल बेलदार, ठाकुर मिश्रा,अमित राम त्रिपाठी, भोलू तिवारी, रिंकू दुबे, लालमन सिंह, सुरेंद्र सिंह, विंध्याचल सिंह,गया प्रजापति, प्रेमशंकर मिश्रा व सभी शक्तिकेन्द्र संयोजक व प्रभारी उपस्थित रहे।

## नजदीकी बूथ पर कोविड का टीका लगवाएं : खुद के साथ समुदाय को सुरक्षित बनाएं – सीएमओ

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुधाकर पांडेय ने अपील की है कि जो लोग टीकाकरण केंद्र तक पहुँचने में सक्षम हैं वह कोविड का टीका बूथों पर पहुंचकर अवश्य लगवा लें । जिले में स्वास्थ्य केंद्रों व अलग—अलग स्थानों पर बने औसतन 200 बूथों पर रोजाना कोविड के टीके लगाए जा रहे हैं । बूथों पर भीड़ नियंत्रित है जिससे टीकाकरण में कोई असुविधा नहीं हो रही है । डॉ. पांडेय ने कहा कि ऐसे समय में जबकि जिला कोविड मुक्त हो चुका है, संक्रमण को पुनः फैलने से रोकने के लिए टीकाकरण ही एकमात्र कारगर हथियार है । जिला भले ही कोविड मुक्त है, लेकिन देश में अब भी कोविड के सक्रिय मामले मौजूद हैं । ऐसे में कोविड प्रोटोकॉल के पालन के साथ—साथ कोविड टीकाकरण ही वह उपाय है जिसके जरिये संक्रमण को जिले में प्रवेश करने से रोका जा सकता है । सीएमओ ने कहा कि अब हर घर टीकाकरण पर जोर है और टीम क्षेत्र में पहुँच भी रही है लेकिन लोगों को टीम के आने का इंतजार नहीं करना चाहिए। जो लोग आसानी से बूथ तक जा सकते हैं वह खुद से आगे बढ़कर अपना और अपने परिवार का कोविड टीकाकरण करवा लें। टीका लगवाने के बाद भी मास्क, दो गज की दूरी और हाथों की स्वच्छता के नियम का पालन करना है । इन नियमों का पालन उन लोगों को भी करना है जिन्होंने कोविड टीके की दोनों डोज लगवा ली है । तीन लाख लोगों की दूसरी डोज ड्यू। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. नीरज कुमार पांडेय ने बताया कि जिले में लक्ष्य के सापेक्ष करीब 70 फीसदी लोगों ने कोविड टीके की पहले डोज ले ली है । जिले में करीब तीन लाख लोग ऐसे हैं जो विभिन्न कारणों से टीके की पहली डोज लेने के बाद दूसरी डोज की समयावधि खत्म होने के बाद भी टीका नहीं लगवा रहे हैं । इन लोगों को कंट्रोल रूम से दूरभाष पर सम्पर्क कर दूसरे डोज के लिए प्रेरित किया जा रहा है। टीके की दोनों डोज लिये बिना पूर्ण प्रतिरक्षण नहीं मिल सकता है । जिले में 35. 30 लाख लक्ष्य के सापेक्ष 23.92 लाख लोगों ने टीके की पहली डोज, जबकि 10.31 लाख लोगों ने दोनों डोज लगवा लिया है । जनपद में अबतक 34 25 लाख डोज लगाए जा चुके हैं। घर पहुंच कर लगाया टीका। उन्होंने बताया कि अशक्त लोगों को घर पर टीकाकरण की सुविधा भी दी जा रही है । बरेली में एक कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत 31 वर्षिय सुनील कुमार मार्ग दुर्घटना में घायल होने के बाद शारीरिक रूप से चलने फिरने में अक्षम हो गए हैं । उनके पिता सूर्य बहादुर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सरदारनगर के प्रभारी डॉ. हरिओम पांडेय से अपनी परेशानी बताई कि उनके पुत्र को कोरोना रोधी टीका नहीं लगा है। प्रभारी ने आरबीएसके टीम के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार त्रिपाठी के माध्यम से उनके घर टीका लगवाया। शादियों में रहें सतर्क। सीएमओ ने जनपदवासियों से अपील की है कि शादी समारोहों में कोविड नियमों को अवश्य याद रखें। शारीरिक दूरी के साथ अभिवादन करें और मास्क अवश्य लगाएं । जब तक संपूर्ण प्रतिरक्षण न हो जाए और कोविड का संक्रमण पूरे देश से समाप्त न हो जाए तब तक इन नियमों के प्रति सख्त रहना होगा।

## पेंशनर ऑनलाइन जमा करें जीवित प्रमाण पत्र– डीएम

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : खबर का दिखा असर जिलाधिकारी विजय किरन आनंद ने मुख्य कोषाधिकारी को निर्देशित किया कि कोषागार में पेंशन धारकों को अब बेवजह परेशान होने की जरूरत नहीं है वह किसी भी साइबर कैफे या अन्य जगहों से ऑनलाइन अपना जीवित प्रमाण पत्र समिट कर सकते हैं। क्योंकि कोषागार के बाबू आए हुए पेंशनरों से सुविधा शुल्क लेने के बाद ही जीवित प्रमाण पत्र अंकन करने का कार्य करते थे समाचार पत्रों में प्रमुखता से खबर छपने के बाद जिलाधिकारी ने उक्त ट्रेजरी बाबू के ऊपर कार्रवाई करते हुए जांच समिति बैठा दी और नई व्यवस्था लागू कर दिया कि ट्रेजरी का चक्कर किसी भी पेंशनरों को नहीं लगाना पड़ेगा अब उन्हें किसी भी साइबर कैफे या इंटरनेट से ऑनलाइन अपने प्रमाण पत्र जीवित होने का जमा करें इस नई व्यवस्था से ट्रेजरी का चक्कर लगाने से बुजुर्गों को छुटकारा मिल गया बुजुर्ग पेंशनर जिलाधिकारी को लाख—लाख धन्यवाद दे रहे । जिलाधिकारी के निर्देश के बाद मुख्य कोषाधिकारी की नींद खुली मुख्य कोषाधिकारी ने निर्देश जारी किया कि कोषागार गोरखपुर से पेंशन प्राप्त कर रहे समस्त पेंशनरों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रत्येक वर्ष माह नवम्बर में जीवित प्रमाण पत्र जमा करने हेतु कोषागार में अत्यधिक भीड़ हो जाती है, जिससे वृद्ध एवं अस्वस्थ पेंशनरों को काफी असुविधा होती है। उ0प्र0 शासन द्वारा पेंशनरो की सुविधा हेतु डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट की व्यवस्था की गयी है। पेंशनर बेवसाइट www.jeevanpraman.gov.in पर जाकर अपना जीवित प्रमाण पत्र दे सकते है साथ ही वे अपना पेंशन प्राप्त कर रहे बैंको के माध्यम से तथा अपने विभाग के आहरण—वितरण अधिकारी के माध्यम से भी जीवित प्रमाण पत्र दे सकते है। शासन द्वारा पोस्ट आफिस के माध्यम से भी जीवित प्रमाण पत्र जमा करने हेतु नई व्यवस्था लागू की गयी है। समस्त पेंशनरो से अनुरोध है कि कोषागार में भीड़ से बचने हेतु उपरोक्त व्यवस्थाओं के माध्यम से भी अपना जीवित प्रमाण पत्र कोषागार को प्रस्तुत कर सकते है।

## अभियुक्तों की गिरफ्तारी के संदर्भ मे शिक्षा मित्रों ने सौंपा ज्ञापन

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : तहसील क्षेत्र के बेलपार निवासी शिक्षामित्र सर्वेश राय पुत्र जीतनरायन राय के साथ स्कूल जाते समय रास्ते मे हुई मारपीट के संदर्भ मे अभियुक्तों की गिरफ्तारी ना होने की वजह से गुरुवार को गोला ब्लॉक के समस्त शिक्षामित्रों ने एसडीएम गोला व क्षेत्राधिकारी गोला को पत्रक सौंप कर जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग किया।बताते चले कि सर्वेश राय पिछले 14 नवंबर को प्रातः साढ़े आठ बजे दोपहिया से स्कूल जा रहे थे कि गांव के ही भाजपा नेता ने अपने सगे संबंधियों के साथ मिलकर मारपीट कर घायल कर दिया।शोर सुनकर स्थानीय ने जान बचाई।जिसकी सूचना बड़हलगंज थाने पर दिया गया।जिसमे मुकदमा दर्ज कर लिया गया लेकिन अभी तक गिरफ्तारी नही हुई है।जिस कारण समस्त शिक्षामित्रों मे रोष व्याप्त है।इसी सिलसिले मे गुरुवार को पिडित शिक्षामित्र के साथ काशीनाथ तिवारी रणधीर सिंह हरेकृष्ण धरमबीर राय राममोहन लक्ष्मीनारायन अनिल कुमार मिश्रा सहित अनेक शिक्षामित्रों ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग किया है।अन्यथा शिक्षा मित्रो को प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## चार चिकित्सा संस्थानों के स्वास्थ्य कर्मियों को पोषण के गुर सिखा रहा एम्स गोरखपुर

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर प्रदेश के चार चिकित्सा संस्थानों के चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को मेडिकल संस्थानों में दिशा—निर्देशों के साथ गुणवत्तायुक्त पोषण के जरूरी टिप्स देने में जुटा है । इसके लिए दो अलग—अलग बैच में करीब 300 चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है । स्वयंसेवी संस्था अलाइव एंड थ्राइव के सहयोग से वर्चुअल माध्यम से मातृ और शिशु पोषण से संबंधित प्रमुख संदेशों और दिशा—निर्देशों के बारे में स्वास्थ्य कर्मियों को जानकारी दी जा रही है । पहले बैच का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है जबकि दूसरे बैच का प्रशिक्षण 25 और 26 नवम्बर को होगा। एम्स गोरखपुर के सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग के अध्यक्ष डॉ. हरिशंकर जोशी ने बताया कि एम्स रायबरेली, एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा, एमएलबी मेडिकल कॉलेज झांसी और एमआर मेडिकल कॉलेज अंबेडकर नगर के चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है । प्रशिक्षण का उद्देश्य मातृ एवं शिशु पोषण को बेहतर बनाने के लिए दिशा—निर्देशों के अनुसार इन संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षण में बताया जा रहा है कि जन्म के तुरंत बाद शिशु को मां का दूध पिलाया जाए और छह महीने तक शिशु को सिर्फ मां का दूध ही दिया जाना चाहिए । छह माह तक पानी या अन्य कोई पेय पदार्थ या खाने की चीज कदापि नहीं देना है । मां का दूध सुपाच्य होता है और इससे पेट की गड़बड़ियों की आशंका नहीं होती है और इससे मां—बच्चे के स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर पड़ता है । छह महीने से दो साल की उम्र तक के बच्चे को मां के दूध के साथ—साथ घर का बना ऊपरी आहार भी देना है । बच्चे के पोषण स्तर के लिए उसे बाहर की कोई चीज नहीं देनी है। प्रशिक्षण में गर्भावस्था के दौरान पोषण आहार के महत्व के बारे में भी जानकारी दी जा रही है । बताया जा रहा है कि गर्भवती का आहार ऐसा होना चाहिए कि जिसमें सभी पोषक तत्व मौजूद हों। मसलन हरी साग—सब्जियां, फल, दूध, पनीर, अंडा आदि। आहार में कच्चे फल व सब्जियों के अलावा नट्स एवं सीड्स भी होने चाहिए। गर्भवती को पर्याप्त आहार मिलना चाहिए और उसे सामान्य दिनों की तुलना में आहार की बारम्बरता बढ़ानी होगी। यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज दिल्ली के सामुदायिक चिकित्सा विभाग से डॉ. अनिता गुप्ता, संजय गांधी मेमोरियल चिकित्सा संस्थान दिल्ली से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मुकेश यादव और अलाइव एंड थ्राइव संस्था से डॉ. प्रवीण शर्मा ने पहले बैच को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया है । अलाइव एंड थ्राइव संस्था के वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. राजेंद्र प्रसाद, एम्स गोरखपुर के बाल रोग विभाग की अध्यक्ष डॉ. महिमा मित्तल, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. निशा, स्त्री और प्रसूति रोग विभाग से डॉ. प्रीति बाला, डॉ. प्रीति प्रियदर्शिनी, डॉ. प्रीति डिडवानिया, सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग से डॉ. अनिल कोपकर, डॉ. प्रदीप खरया और डॉ. रमाशंकर रथ प्रशिक्षण में सहयोगी हैं।

## ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि देश के विकास में सहायक:रजनी तिवारी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शाहाबाद ब्लॉक सभगार में आयोजित विधानसभा स्तरीय पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में बोलते हुए विधायक रजनी तिवारी ने कहा कि ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि ही देश के विकास की अहम कड़ी हैं। वह पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में बोल रही थी। विधानसभा में एक बार फिर कमल खिलाने की जुगत में जुटी भाजपा ने विधानसभा स्तर पर पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मेलन आयोजित कर गाँव गाँव भाजपा की नीतियों के अनुरूप ही जनप्रतिनिधियों को कार्य करने की अपील की।विधायक ने कहा कि सबसे निचले पायदान पर बैठे व्यक्ति को सभी मूलभूत सुविधाएं सरकार द्वारा जी जा रही हैंउन्हें जिम्मेदारी से दिलाने का जनप्रतिनिधि करें।पंचायत सम्मेलन में विधायक ने प्रदेश और देश की सरकारों द्वारा कराए गए कार्यों को जन—जन तक पहुंचाने और जनकल्याणकारी नीतियों के प्रचार प्रसार करने के पर जोर दिया।विधायक ने पंचायत प्रतिनिधियों को विधानसभा चुनाव में जुट जाने का मंत्र दिया।इस पंचायत प्रतिनिधि




सम्मेलन में भाजपा नेता पारुल दीक्षित , संजय सिंह गुड्डू , भाजपा नगर अध्यक्ष अमर रस्तोगी, विस्तारक रोहित गुप्ता , प्रमुख शाहाबाद त्रिपुरेश मिश्रा , प्रमुख टोडरपुर प्र रामू त्रिवेदी, प्रमुख पिहानी कुशी बाजपेयी , गोपाल त्रिपाठी , मनोज मिश्रा , गोविन्द पाठक , सर्वेश सिंह मिन्ने , शरद कुमार सिंह, श्यामू त्रिवेदी, विकास मिश्रा, भाजपा नगर महामंत्री अंकित मिश्रा,कुलदीप श्रीवास्तव, सुधीर सिंह आदि के साथ बड़ी संख्या में विधानसभा क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी : घाटों पर उमड़ी भीड़

वाराणसी ब्यूरो : कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर वाराणसी में शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस खास दिन गंगा में डुबकी लगाई। सूर्योदय के पहले ही आस्थावानों का गंगा, गोमती और वरुणा नदियों पर रेला उमड़ पड़ा। हर—हर महादेव और हर हर गंगे के साथ गंगा स्नान किया।



इसके बाद उगते सूर्य को अर्घ्य देकर सुख और समृद्धि की कामना की।

# जिला कारागार जौनपुर का निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के संरक्षण एवं अनुमति से बन्दियों को विधिक जानकारी प्रदान करने हेतु सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता श्रीमती शिवानी रावत में 18 नवम्बर 2021 को जिला कारागार, जौनपुर का निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण के समय पूँछे जाने पर जेलर द्वारा बताया गया कि जिला कारागार में कुल 1195 बन्दी है, जिनमें पुरूष 1081 महिला 61 तथा 50 अल्पवयस्क हैं। कारागार में निरूद्ध महिला बन्दियों के साथ कुल 15 बच्चे हैं। जेल की पाकशाला निरीक्षण कर स्वच्छ एवं ताजा भोजन उपलब्ध कराये जाने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान महिलाओं को उनके अधिकार को बताया गया। महिला बन्दियों के साथ रह रहे 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के नाश्ता, भोजन आदि की उपलब्धता के सम्बन्ध में पूँछे जाने पर महिला बन्दियों द्वारा बताया गया कि बच्चों को समय से नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराया जाता है, बच्चों की माता द्वारा किसी प्रकार की समस्या नहीं होना बताया गया। जेल अस्पताल के निरीक्षण में कोई भी बन्दी गम्भीररूप से बीमार व कोविड मरीज नहीं पाया गया। किसी भी बन्दी की तबियत खराब होने पर तत्काल इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देर्शित किया गया। बाल बैरक का निरीक्षण कर उनके अधिकारों की जानकारी प्रदान की गयी तथा समयपूर्व रिहाई के पात्र बन्दियों को चिन्हित कर उनके प्रार्थना पत्र तैयार कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जाने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। शिविर को सम्बोधित करते हुए सचिव श्रीमती शिवानी रावत द्वारा बन्दियों को जानकारी देते हुए बताया गया कि गिरफ्तार किये गये व्यक्ति को अधिवक्ता नियुक्त करने तथा गिरफ्तार किये जाने पर रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर द्वारा परीक्षण व धारा 41 बी द0प्र0सं0 के अर्न्तगत पुलिस द्वारा गिरफ्तारी प्रपत्र बनाये जाने एवं गिरफ्तारी का आधार जानने तथा जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने का अधिकार है, गिरफ्तारी के बारे में पारिवारिक सदस्यों या मित्र को सूचित किये जाने तथा गिरफ्तारी के 24 घण्टे के अन्दर सक्षम मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करने का अधिकार है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजना निःशुल्क विधिक सहायता की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी एवं बन्दियों को कोविड–19 प्रोटोकाल के नियमों के पालन हेतु निर्देशित किया गया। जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि किसी भी बन्दी को वादों में पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता होने पर उनके प्रार्थना पत्र प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें। जेल पी0एल0वी0गण को नियमित रूप से सभी बन्दियों को जागरूक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण में कारागार की व्यस्थायें दुरूस्त पायी गयी। फिर भी बन्दियों की किसी भी प्रकार की समस्या का तुरन्त समाधान कराने एवं आवश्यकतानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सम्पर्क स्थापित करने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक एस0 के0 पाण्डेय, डिप्टी जेलर श्री कमलेन्द्र प्रताप सिंह, चिकित्साधिकारी डा0 रविराज, फार्मासिस्ट सतीश कुमार गुप्ता, फार्मासिस्ट आशिफ अहमद सिद्दीकी तथा जेल पीएलवी गण व अन्य बन्दीगण उपस्थित रहे।

# प्रदेश सरकार ने संचालित प्रधानमंत्री जनविकास कार्यक्रम के तहत अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों को मूलभूत सुविधाओं से किया आच्छादित

जौनपुर सू.वि. : किसी भी क्षेत्र, समुदाय के विकास के लिए उस क्षेत्र की बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति होना जरूरी होता है। मूलभूत सुविधायें सड़क, पेयजल, शिक्षण संस्थान, गरीबों के विकास की कल्याणकारी योजनायें, चिकित्सीय सुविधायें, रोजगार के साधन, नाली, ड्रेनेज सिस्टम आदि के निर्माण व्यवस्था करने से उस क्षेत्र, समुदाय का सर्वांगीण विकास हो जाता है। प्रदेश में अल्पसंख्यकों के विकास के लिए प्रदेश सरकार ने इसी तरह की बुनियादी सुविधायें आवश्यक निर्माणध्योजनाओं का क्रियान्वयन कर उनका विकास किया है। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पी0एम0जे0वी0के0) के अन्तर्गत शिक्षण सुविधाओं के सृजन के उद्देश्य से अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में 47 इटर कालेजों का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है। इनमें से सभी इण्टर कालेजों में फर्नीचर इत्यादि की व्यवस्था हेतु भारत सरकार से धनराशि भी प्राप्त हो चुकी है। जिसकी व्यवस्था कर शिक्षण कार्य आरम्भ कर दिया गया है। इस प्रकार वर्तमान में सरकार द्वारा परियोजनाओं को केवल पूर्ण कराना ही लक्ष्य नहीं अपितु उसे जनहित में सुचारू रूप से संचालित किये जाने पर बल दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत कौशल विकास हेतु 13 नवीन आई0टी0आई0 भवनों का निर्माण पूर्ण कराया गया तथा उक्त के अतिरिक्त 12 आई0टी0आई0 का संचालन भी प्रारम्भ कर दिया गया है। इन प्राविधिक शिक्षण संस्थानों में क्षेत्रीय युवक/युवतियाँ शिक्षा प्राप्त कर रोजगार से लग रहे हैं। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत 64 पेयजल परियोजनाओं की स्थापना कर अल्पसंख्य बाहुल्य क्षेत्रों में पेयजल सुविधाओं का सृजन किया गया। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत माह मार्च, 2017 से अब तक रू0 2014 करोड़ की नवीन परियोजनाएं स्वीकृत करायी गयी। प्रदेश में वर्तमान सरकार द्वारा अब तक 03 राजकीय पालिटेक्निक, 52 राजकीय इण्टर कालेज, 09 जूनियर हाई स्कूल, 20 अपर प्राइमरी स्कूल, 136 प्राइमरी स्कूल, 18 राजकीय आई0टी0आई0, 01 राजकीय नर्सिंग कालेज, 09 राजकीय डिग्री कालेज, 2433 स्मार्ट क्लास, 02 इण्टर कालेज में परीक्षा हॉल, 09 छात्रावास, 31 सद्‌भाव मण्डप, 160 आंगनबाड़ी केन्द्र, 02 वर्किंग वूमन हॉस्टल, 01 माकेर्टिंग शेड, 03 साइंस लैब, 187 पाइप पेयजल योजना, 747 पोर्टबल वॉटर सप्लाई, 01 सीवर योजना, 47 टायलेट ब्लॉक, 27 कामन सर्विस सेण्टर एवं 01 यूनानी मेडिकल कालेज सहित कुल लगभग 3400 नई इकाईयों की स्थापना की जा चुकी है। गत वर्ष रू0 1549 करोड़ की नवीन परियोजनाओं के प्रस्ताव भारत सरकार को उपलब्ध कराये गये थे। वर्तमान वर्ष में रू0 898 करोड़ की नवीन परियोजनाओं के प्रस्ताव भारत सरकार को उपलब्ध कराये जा रहे हैं। जिससे विकास को और गति मिले।

# पूर्व माध्यमिक विद्यालय मेहंदीगंज में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह 2021 का हुआ वृहद आयोजन

दिनांक 18 नवंबर को ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह 2021 का आयोजन पूर्व माध्यमिक विद्यालय मेहंदी गंज में हुआ जिसका शुभ उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल ने किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल से बच्चों का स्वास्थ्य तो ठीक होता ही है वर्तमान समय में खेल के माध्यम से बच्चों का भविष्य भी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के संयोजक मनोज कुमार यादव खंड शिक्षा अधिकारी मड़ियाहूं ने बताया कि मड़ियाहूं विकास क्षेत्र खेलों में विगत कई वर्षों से चौंपियन रहता हैं। विशिष्ट अतिथि अरविंद शुक्ला अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर रहे। पीटी विशेष प्रदर्शन में कमपोजिट विद्यालय सुदनीपुर की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार कबड्डी तथा खो खो में पूर्व माध्यमिक विद्यालय मेहंदी गंज प्रथम स्थान पर रहा। प्राथमिक स्तर पर कबड्डी में प्राथमिक विद्यालय जबलपुर तथा खो–खो में प्राथमिक विद्यालय मेहंदी प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ पूर्व माध्यमिक विद्यालय रानी पट्टी के जीसस यादव प्रथम तथा प्रिंस चौहान द्वितीय स्थान पर रहे 600 मीटर दौड़ में प्रिंस चौहान प्रथम तथा जीसस यादव द्वितीय स्थान पर है बालिकाओं की 600 मीटर दौड़ में दिव्यांशी सरोज पूर्व माध्यमिक विद्यालय मेहंदी गंज प्रथम स्थान प्राप्त किया 200 मीटर बालक वर्ग में पवन चौहान प्रथम अंश सरोज द्वितीय स्थान पर रहे। ओवरऑल चौंपियनशिप में न्याय पंचायत कुम्भ प्रथम तथा न्याय पंचायत सुदनीपुर द्वितीय स्थान पर रहे जिसमे लालबहादुर यादव का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर रविचंद्र यादव जिला व्यायाम शिक्षक ने खेल को सम्पन्न





कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर राय साहब यादव आनंद यादव हेमंत सिंह अच्छेलाल यादव पवनदीप चौधरी अनिल दीप चौधरी शिव कुमार सरोज निहाल सिंह रामाश्रय कनौजिया श्याम नारायण राम सज्जन यादव हंसराज यादव कैलाश नाथ वेद प्रकाश रमेश चंद यादव कमलेश चंद यादव संदीप दिलीप अफसरी बानो राजमणि आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राम प्रसाद यादव अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ मड़ियाहूं ने किया।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर सम्पन्न

आर एल पाण्डेय लखनऊ। संदीप नेचरोपैथी हॉस्पिटल एंड लखनऊ इंस्टीट्यूट ऑफ योगा एंड नेचुरोपैथिक साइंसेज में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें रोगियों को निःशुल्क उपचार दिए




गए और प्राकृतिक चिकित्सा के बारे में बताया गया। लोगों ने चिकित्सा का लाभ प्राप्त किया। डॉ कल्पना सिंह और डॉ शिवानी सिंह ने रोगियों को उपचार प्रदान किया।

# ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी ने की अपील



आर एल पाण्डेय लखनऊ। मोहनलालगंज क्षेत्र के ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी ने क्षेत्रवासियों से सादर अनुरोध है कि भारत माता अमृत महोत्सव शोभा यात्रा अभियान जिसका शुभारंभ दिनांक 20 नवंबर 2021 को पूर्वाहन 11:00 बजे नवजीवन इंटर कॉलेज मोहनलाल गंज लखनऊ से पूजा अर्चन के साथ प्रारंभ किया जाएगा स भारत माता की शोभा यात्रा कॉलेज से चलकर मौरावा रोड पर हनुमान मंदिर से फुलवरिया रायबरेली रोड होते हुए श्रीकालेवीर बाबा मंदिर में दिनांक 20 तारीख के इस कार्यक्रम का समापन किया जाएगा स आप सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं एवं सम्मानित जनता से अनुरोध है कि कृपया भारत माता के इस अमृत महोत्सव शोभा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने का कष्ट करें।आयोजक – अमृत महोत्सव समिति, निवेदक – मोहनलालगंज क्षेत्र के ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक मीटिंग हाल में सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक मीटिंग हाल में सम्पन्न हुई। बैठक में टीकाकरण के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिया कि कार्य मे तेजी लाये। कोटदारो एवं ग्राम प्रधान को निर्देश दिया कि टीकाकरण के कार्य में सहयोग करें। आयुष्मान कार्ड में प्रगति की समीक्षा की। 22 नवम्बर से 04 दिसंबर 2021 तक पुरुष नसबंदी का पखवाड़ा चलाया जा रहा है। आशा आंगनबाड़ी घर–घर जाकर लोगो को प्रेरित करें। जिलापंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि ग्राम प्रधानों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए और लोगो को पुरुष नसबंदी के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि पात्र लोगों को अंत्योदय कार्ड के साथ ही गोल्डन कार्ड बनाया जाएं। हेल्थ एवं वेलनेस को ऐक्टिव किया जाए। प्रतिदिन कितनी ओपीडी हो रही है इसकी समीक्षा भी की जाए। वी एच एन डी में खराब प्रगति वाले एमओआईसी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला, मुख्य चिकित्साधिकारी जीएसबी लक्ष्मी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी राजीव यादव सहित अन्य अधिकारी एवं एम.ओ.आई.सी उपस्थित रहें।

## योगी सरकार ने अरूण बाल्मीकि के परिवार को अब तक न्याय क्यों नहीं दिया–अजय कुमार लल्लू

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी जी ने आज अपने लखनऊ आवास पर आगरा में पुलिस कस्टडी में मारे गये सफाई कर्मचारी श्री अरूण बाल्मीकि की पत्नी, माँ और भाई से मुलाकात की और न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। उनकी पूर्व घोषणा के मुताबिक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय कुमार लल्लू जी एवं राष्ट्रीय श्री रोहित चौधरी जी ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में परिजनों को तीस लाख (30 लाख) रूपये की संवेदना राशि का चेक प्रदान किया। गौरतलब है कि 19 अक्टूबर 2021 को जनपद आगरा में पुलिस की हिरासत में श्री अरूण बाल्मीकि की मृत्यु हो गयी थी। परिजनों ने पुलिस पर बर्बरता का आरोप लगाया था और कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी ने आगरा जाकर परिवार के प्रति संवेदना जताते हुए उनकों न्याय दिलाने की लड़ाई में पूरा साथ देने का वादा किया था। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की ओर से तीस लाख रूपये की सहायता राशि देने का वादा किया था। आज अरूण बाल्मीकि के परिजनों से मुलाकात के दौरान श्रीमती प्रियंका गांधी जी ने कहा कि अरूण बाल्मीकि के परिवार को न्याय देने के लिए यूपी की योगी सरकार ने कुछ भी नहीं किया, लेकिन मैं न्याय की आवाज को दबने नहीं दूंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पीड़ितो को सरक्षण देने के बजाय उन पर ही आक्रमण करती है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेन्स में प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय कुमार लल्लू जी ने अरूण बाल्मीकि के परिजनों को 30 लाख रूपये का चेक सौंपते हुए योगी सरकार पर गम्भीर सवाल उठाये। श्री अजय कुमार लल्लू ने कहा कि अरुण के घरवालों का आरोप है कि पुलिस ने थाने में ले जाकर अरुण के साथ मार पीट की, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने अरुण के परिजनों को बुलाया और कहा कि अरुण वाल्मीकि एकाएक गिर गए हैं और उन्हें अस्पताल ले जाना है।अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने स्पष्ट रूप से बताया कि उनकी मृत्यु हो चुकी है। श्री अजय कुमार लल्लू ने कहा कि अफसोस की बात है कि है कि सरकार ने जांच कार्यवाही की बात की लेकिन आज तक पुलिस के किसी भी अधिकारी व कर्मचारी पर कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। न ही उनके खिलाफ कोई विभागीय कार्यवाही हुई। न ही कोई जांच अब तक आगे बढ़ पाई है। परिवार के लोगों को प्रताड़ित किया गया, डराया, धमकाया गया। परिवार के लोग लगातार न्याय की मांग करते रहे। श्री अजय कुमार लल्लू जी ने मुख्यमंत्री से पूंछा की क्या एक गरीब, बाल्मिकी समाज के व्यक्ति के साथ आपका यही न्याय है। ऐसी क्या परिस्थिति है कि दोषी पुलिस कर्मियों पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। कौनसी ऐसी परिस्थिति है पुलिस कर्मियों की कोई जांच नहीं हुई। ये सरकार इस घटना को दबाना चाहती है पूरी घटना पर पर्दा डालना चाहती है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय कुमार लल्लू जी ने कहा कि महासचिव प्रियंका गांधी और एक एक कांग्रेस कार्यकर्ता पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। जब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल जाता हम इनकी लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ते रहेंगे। उक्त प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय सचिव श्री रोहित चौधरी जी तथा कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री उपेन्द्र सिंह महासचिव श्री श्याम सुंदर उपाध्याय प्रदेश सचिव श्री विनेश सनवाल तथा शरद सिंह जिला कांग्रेस कमेटी आगरा के अध्यक्ष श्री राघवेन्द्र सिंह मीनू तथा शहर अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ''चिल्लू'' एवं मीड़िया विभाग के वाइस चेयरमैन श्री डा0 पंकज श्रीवास्तव एवं मीड़िया संयोजक श्री ललन कुमार जी मौजूद थे।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासंघ ने मनाया जगतगुरु परमहंस आचार्य का जन्मदिन और भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित कराने के लिए किया रामबाण महायज्ञ

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।अयोध्या के चर्चित संत जगतगुरु परमहंसाचार्य के जन्मदिन को भव्य बनाने के लिए देश के कोने कोने से अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासंघ भारत के अनेक कार्यकर्ता अयोध्या पहुंचे, जहां तपस्वी जी की छावनी में महंत परमहंस के साथ रामबाण महायज्ञ किया। इसके पश्चात महंत परमहंस को माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर उनका जन्मदिन मनाया इसके पश्चात महंत परमहंस आचार्य ने मीडिया से बात करते हुए कहा की मेरी हिंदू राष्ट्र की मांग ऐसे ही जारी रहेगी तथा भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए भारत से ईसाइयों और मुसलमानों की नागरिकता समाप्त कराने के लिए रामबाण महायज्ञ किया गया ।भारत में ईसाइयों और मुसलमानों को वोट देने का अधिकार समाप्त होना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आज कार्तिक पूर्णिमा के दिन अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय संरक्षक महंत परमहंस आचार्य का जन्मदिन है इस अवसर पर हमने भारत को हिंदू



राष्ट्र घोषित करने के लिए तथा महाराज जी की दीर्घायु के लिए रामबाण महायज्ञ किया हमारे साथ महासंघ के 50 से ज्यादा कार्यकर्ता आज यहां एकत्रित हुए हैं सर्वप्रथम सब्जियों में स्नान किया और हनुमानगढ़ी में दर्शन भी किए हैं भारत जल्द ही हिंदू राष्ट्र घोषित होगा इसके लिए हम पूरी तरह आगे बढ़ रहे हैं।

# जगतगुरु साहिब श्री गुरू नानक देव जी महाराज का प्रकाश उत्सव (जन्मोत्सव) हर्षोल्लास से मनाया गया

आर एल पाण्डेय लखनऊ। आज दिनांक 19 नवम्बर 2021 को जगतगुरु साहिब श्री गुरू नानक देव जी महाराज का प्रकाश उत्सव (जन्मोत्सव) श्री गुरू सिंह सभा की ओर से डी0ए0वी0 कालेज ऐशबाग रोड, लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्री अखण्ड पाठ साहिब जी की समाप्ति के पश्चात् पाँच प्यारों की अगुवाई में समूह साध संगत द्वारा श्री गुरूग्रन्थ साहिब जी की शाही सवारी को शबद कीर्तन गायन करते हुए गुरूद्वारा साहिब से नाका हिण्डोला होते हुए डी0ए0वी0 कालेज ऐशबाग रोड में सजे पंडाल में ले जाया गया। भव्य पंडाल बहुत खूबसूरती से सजाया गया था, जिसमें फूलों से सुसज्जित भव्य स्टेज पर श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी का प्रकाश किया गया। रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी द्वारा पवित्र आसा–दी–वार का अमृतमयी कीर्तन से कार्यक्रम आरम्भ हुआ। बहुत सुबह से ही लखनऊ एवं आस–पास के इलाकों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु डी0ए0वी0 कालेज में पहुँचने लगे तथा पक्तियों में खडेध होकर श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी के दर्शन के पश्चात अपना स्थान ग्रहण कर गुरूबाणी का रसपान किया। आकाशवाणी लखनऊ केन्द्र द्वारा आधे घन्टे का सीधा प्रसारण करके प्रदेश भर की संगतों को कार्यक्रम का रसास्वादन कराया गया। श्री गुरू सिंह सभा के अध्यक्ष स0 राजेन्द्र सिंह बग्गा जी ने इस अवसर पर उपस्थित संगतों को प्रकाश पर्व की बधाई दी तथा बधाई संदेश आकाशवाणी लखनऊ द्वारा भी प्रसारित किया गया। विशेष रूप से पधारे भाई जसबीर सिंह जी खालसा श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर वालों ने अपनी मधुरवाणी में कलि तारण गुरु नानक आइया।। शबद कीर्तन गायन कर समूह साध संगत को निहाल किया। तत्पश्चात भाई जसपाल वीर सिंह जी जालन्धर वालों ने साहिब श्री गुरू नानक देव जी के जीवन पर दिल को छू देने वाले विचार व्यक्त किये। रागी जत्था भाई संतोख सिंह जी जालन्धर वालों ने गुर का शबद रतन हीरे जित जड़ाओ।। शबद कीर्तन गायन कर संगतों को मन्त्रमुग्ध कर दिया। ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने गुरमत विचारों द्वारा कथा व्याख्यान किया। दिल्ली से पधारे भाई सुरजीत सिंह जी ने सति गुर नानक प्रगटिआ मिटी धुंध जगि चानणु होआ।। शबद कीर्तन गायन कर समूह साध संगत मंत्र मुग्ध कर दिया, के0 के0 एन0 एस0 गुरमत संगीत एकेडमी एवं सिमरन साधना परिवार के बच्चों एवं माता गुजरी सत्संग सभा,लखनऊ की सदस्याओं ने भी इस कार्यक्रम में शबद कीर्तन गायन किया। डी0ए0वी0 कालेज में दिन भर गुरबाणी





कीर्तन तथा गुरमत विचारों का कार्यक्रम चला जिसका संचालन स0 सतपाल सिंह मीत, ने किया। समागम में लंगर के वितरण की सेवा सिख यंग मेन्स एसोसियेशन एवं दशमेश सेवा सोसाइटी द्वारा की गयी। कई स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा संगत की सेवा आइसक्रीम, चाय काफी, ब्रेड, छोले, जलेबी, कड़ी चावल, गन्ने के रस की खीर आदि अनेक तरह के व्यंजनों के स्टाल लगाकर की गई। लंगर पकवाने एवं वितरण की व्यवस्था स0 हरमिन्दर सिंह टीटू एवं स0 हरविन्दरपाल सिंह नीटा, तजिन्दर सिंह, कुलदीप सिंह सलूजा की देखरेख में हुई। दिन के 11.30 बजे से गुरू का लंगर संगत में वितरित किया गया,जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने लंगर ग्रहण किया। संगत की सेवा के लिए डी0ए0वी0 कालेज मैदान में निशुल्क मेडिकल चेकअप कैम्प अजन्ता हास्पिटल के सहयोग से स. कृपाल सिंह ऐबट की देखरेख में लगाया गया जिसमें डा0 सुनील नाइक (स्किन), डा0 श्रृषि द्विवेदी (आर्थो), डा0 धर्मवीर सिंह (यूरोलोजिस्ट), डा0 पियूष ठाकुर (गैस्ट्रो),डा0 शाक्षी जैन (नेफरो), डा0 कानु प्रिया (गाइनो) डा0 राहुल (फिजियो) डाक्टरों ने चेकअप करके परामर्श दिया। कोविड–19 वैक्सीन का मेगा वैक्सीनेशन कैम्प भी यहाँ लगाया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने आधार दिखाकर वैक्सीन लगवाई। अरदास के उपरान्त उपस्थित श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर श्री गुरू सिंह सभा के अध्यक्ष स0 राजेन्द्र सिंह बग्गा जी ने सभी सिख संगठनों/जत्थेबन्दियों सिख सेवक जत्था पंजाबी यूथ एसोसियेशन एवं प्रशासन को गुरू जी की कृपा '' सिरोपा तथा शील्ड '' भेंट कर सम्मानित किया। गुरू महाराज का आर्शीवाद प्राप्त करने के लिये मा0 योगी आदित्य नाथ जी मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, डा0 दिनेश शर्मा उपमुख्य मंत्री उ0प्र0 सरकार, मा0 ब्रजेश पाठक न्याय मंत्री उ0प्र0 सरकार,श्रीमती संयुक्ता भाटिया महापौर तथा कई राजनीतिक दलों के नेता एवं सरकार के प्रतिनिधि तथा कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित हुए, उन्हें भी अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बग्गा जी ने सिरोपा देकर सम्मानित किया।

# मां की डांट से नाराज तीन सगी बहनों ने ट्रेन से कटकर दी जान : गरीबी से लड़ रहा था परिवार

जौनपुर ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में वाराणसी–सुल्तानपुर रेल प्रखंड पर फत्तूपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास मां की डांट के बाद तीन सगी बहनों ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस के अनुसार, महाराजगंज थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव निवासी राजेंद्र गौतम की पांच बेटी रेनू, ज्योति, प्रीति(16) आरती(14) काजल(11) और एक बेटा गणेश(18) है। राजेंद्र गौतम की 9 साल पहले मौत हो गई थी। इनकी पत्नी आशा देवी दोनों आंख से अंधी है। परिवार पूरी तरह से गरीबी से लड़ रहा है। विधवा पेंशन के नाम पर मां को 500 प्रति महीने मिलते हैं, जबकि बेटा गणेश दिहाड़ी पर गांव में ही मजदूरी करता था। जबकि बेटियां आसपास कटाई, मड़ाई करती थीं। परिवार का खर्च किसी तरह चलता था। इसी साल मई में रेनू की शादी हुई थी। गणेश के अनुसार प्रीति, आरती और काजल गुरुवार की शाम लकड़ियां बीनने के लिए गई थीं, जो शाम को करीब 5 बजे घर आई तो मां ने किसी बात को लेकर उन्हें फटकार लगा दी। जिसे लेकर तीनों मां से विवाद करने के बाद घर से अपनी बुआ के घर सिंगरामऊ के लिए चल दीं। इधर रात 8 बजे भाई मजदूरी करके घर आया तो उसे घटना की जानकारी हुई, जो खोजबीन कर रहा था। इधर तीनों लड़कियां गांव से दूर वाराणसी–सुल्तानपुर रेल प्रखंड पहुंच गई। जहां तीनों ने फत्तूपुर गेट के 200 मीटर पश्चिम की तरफ रात 11 बजे वाराणसी से लखनऊ जाने वाली एक्सप्रेस के सामने कूदकर जान दे दी। पुलिस के अनुसार, चालक ने हरपालगंज रेलवे स्टेशन पर पहुंचने के बाद स्टेशन मास्टर को इसकी जानकारी दी। जहां से घटना की जानकारी बदलापुर पुलिस को दी गई। मौके पर रात करीब 12:30 बजे पहुंची पुलिस को एक मोबाइल मिला, जिस पर पड़ोसी का फोन आ रहा था। जिससे बात करने पर तीनों की पहचान हुई और पीड़ित परिवार को जानकारी दी गई। बदलापुर पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

# राम मंदिर के डिजाइन में हुआ बदलाव : राफ्ट में नौ मीटर चौड़े होंगे ब्लॉक

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)राम नगरी अयोध्या में हो रहा राम का भव्य मंदिर इन दिनों पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है, इसका जीर्णोधार कार्य भी काफी जोर शोर से चल रहा है। इस कड़ी में हाल ही दिल्ली में हुई बैठक में मंदिर निर्माण के डिजाइन कार्य को लेकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। 14 नवम्बर को हुई बैठक में मंदिर के बुनियाद के बाद बनाई जा रही राफ्ट को लेकर मंथन हुआ 27 मीटर का 17 ब्लॉक राफ्ट का बनाया जा रहा था, जिसके निर्माण लिए तापमान 23 डिग्री सेंटीग्रेड चाहिए था, लगभग 12 ब्लॉक का निर्माण भी हो चुका था, लेकिन ढलाई में बर्फ के पानी और बर्फ का इस्तेमाल करने के बावजूद राफ्ट की सीलिंग में दरार नजर आने लगी जिसके बाद कार्यरत संस्था लार्सन एंड टूब्रो ने काम रोक करके दूसरे तकनीक का इस्तेमाल किया. अब राफ्ट के 30 ब्लॉक बनाए जाएंगे इन की चौड़ाई 9 मीटर होगी और तापमान को भी मेंटेन करने के लिए ठंडे पानी का इस्तेमाल किया जाएगा। डिजाइन को लेकर हो रहे बदलाव के कारण जीर्णोधार कार्य में देरी हो रही है। बताया जा रहा है कि काम की गति धीमी होने के कारण जो राफ्टिंग का काम 15 नवंबर तक पूरा होना था. अब वह दिसंबर माह में पूरा होगा जिसके बाद पलिंथ निर्माण का काम शुरू किया जाएगा। राम जन्मभूमि परिसर में सीता कूप है जिसके जल की धार्मिक मान्यताएं हैं, और उन मान्यताओं के आधार पर अयोध्या और अयोध्या के आसपास के सनातन धर्म के लोग पूजन में सीता कूप के जल का इस्तेमाल करते हैं।1992 में बाबरी विध्वंस के बाद सीता कूप का अस्तित्व खतरे में आ गया था, जिसके बाद अब श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र इस पौराणिक कुप का भी सौंदर्य करण करा रहा है। सीता कूप का निर्माण हो रहा है जहां से लोग धार्मिक अनुष्ठान के लिए जल प्राप्त कर पाएंगे।राम मंदिर ट्रस्ट ने 2023 दिसंबर तक मंदिर के निर्माण की बात कही है उनका दावा है कि 2023 में रामलला भव्य मंदिर में बैठकर दर्शन देंगे मंदिर निर्माण की गति तेजी से चल रही थी, लेकिन मंदिर की आयु को लेकर ट्रस्ट संवेदनशील है ट्रस्ट की मंशा है कि 1000 वर्षों तक यह मंदिर सुरक्षित रहे इस लिहाज से मंदिर के निर्माण में तमाम वैज्ञानिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया है. हालांकि सूत्रों की माने तो भगवान राम के भव्य मंदिर में लगने वाले हर कमरे पर 16 मूर्तियों को उकेरा जाएगा खंभों पर देवी देवता ऋषि मुनियों की तस्वीरें बनाएंगे 2500 वर्ग फीट के परकोटे में रामायण से जुड़े हुए 100 प्रसंगों को भी उकेरा जाएगा. राम मंदिर के नींव के ऊपर बन रहे राफ्ट के 17 खानों में से 12 खानों का निर्माण हो चुका है. अब बनने वाले खानों की शेष सतह के आकार को बदल दिया गया है. यह निर्णय राफ्ट निर्माण में लगने वाले मसाले को मिलाने के बाद उसके तापमान को 23 डिग्री सेल्सियस ना मिल पाने के कारण लिया गया है. बताया जा रहा है कि बाहरी तापमान अनुकूल हो चुका है, लेकिन मसाले के निर्माण के दौरान बड़े तापमान को अनुकूल कर पाना मसाले की ढलाई में समस्या के बाद 27मी में बनने वाले ब्लाक को घटाकर 9 मीटर कर दी गई है।राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पत राय ने कहा की राम जन्मभूमि परिसर में पौराणिक कुंआ है. अयोध्या की जनता धार्मिक अनुष्ठान में उसके जल का उपयोग करते हैं प्राचीन सीताकूप का संरक्षण किया जा रहा है. ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने कहा कि पलिंथ का निर्माण अभी शुरू नही हुआ है, हो सकता है कि दिसंबर से पलिंथ निर्माण का कार्य शुरू हो राफ्ट निर्माण का एक तिहायी कार्य लगभग पूरा हो चुका है. राष्ट्र निर्माण के लिए क्षेत्रफल नहीं बढ़ाया गया जितना बड़ा टुकड़ा 1 दिन में ढाला जाता था वह अब कम ढाला जाएगा पहले 27 मीटर चौडा ब्लाक ढाला जाता था. अब उसका घटा करके 9 मीटर कर दिया गया है अब राफ्ट में 17 ब्लाक की बजाय 30 ब्लाक बनाएं जाएंगे।

# कुमारगंज कृषि विश्वविद्यालय आई सी ए आर डी, सी एफ आर के साथ हुआ अनुबंध

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय का आई. सी. ए. आर.– डायरेक्टरेट ऑफ कोल्ड वाटर फिशरीज रिसर्च भीमताल, नैनीताल, उत्तराखंड स्थित संस्थान के साथ मात्स्यिकी में शोध, शिक्षण एवं प्रसार कार्यों को बढ़ावा देने के लिए के लिए अनुबंध हुआ है।सूत्र के मुताबिक इस अनुबंध को हस्ताक्षरित करते हुए कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी दिनों में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अन्य संस्थानों से भी अनुबंध स्थापित कर, मात्स्यिकी शिक्षा एवं अनुसंधान में नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। आई. सी. ए. आर– डी. सी. एफ. आर. के साथ अनुबंध होने पर संस्थान के निदेशक डॉ पी. के. पांडे जी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि आई. सी. ए. आर– डी. सी. एफ. आर. के साथ अनुबंध होने पर, विश्वविद्यालय की शोध, शिक्षण एवं प्रसार से संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा साथ ही इसका लाभ पूर्वांचल उ. प्र. एवं उत्तराखंड के मत्स्य पालकों को मिलेगा। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि अनुबंध के समय, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप–महानिदेशक, मात्स्यकी डॉक्टर जे. के. जैना, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह एवं आई. सी. ए. आर– डी. सी. एफ. आर. के निदेशक डॉ. पी. के. पांडे, मत्स्य महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रोफेसर पी. एस. प्रमाणिक, डी. सी. एफ. आर. संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉक्टर एन. एन. पांडे, मात्स्यिकी महाविद्यालय के शिक्षक डा. लक्ष्मी प्रसाद एवं डा. दिनेश कुमार उपस्थित थे।इस मौके पर उप महानिदेशक – मत्स्य डॉ. जे. के. जेना ने दोनों संस्थानों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं।वही मात्स्यिकी महाविद्यालय में छात्रों को, शिक्षकों को, शीत जल मछली पालन, शोध एवं प्रसार के कार्यों में नवीनतम तकनीकों के आदान–प्रदान का लाभ मिलेगा, उपरोक्त अनुबंध के माध्यम से मात्स्यिकी के क्षेत्र में शिक्षा, शोध एवं प्रसार गतिविधियों को सुदृढ़ एवं तीव्र गति से किया जा सकेगा। छात्रों को डीसीएफआर स्थित सुविधाओं का लाभ बेहतर ढंग से मिल सकेगा जिससे आगे के आयाम प्रशस्त होंगे एवं वैज्ञानिकों को भी नई प्रगति के अवसर प्राप्त होंगे। अनुबंध पर निदेशक प्रसार प्रोफेसर ए. पी. राव, महाविद्यालय के शिक्षकों डॉ सी. पी. सिंह एवं डॉ सुनील कांत वर्मा एवं विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया।

# एचएसआरपी की डेडलाइन पूरी : अब कटेगा चालान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिन दो व चार पहिया निजी वाहनों की नंबर प्लेट के अंत में 0 या 1 है और उन्होंने हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट नहीं लगवाई है, तो उनका 5 हजार रुपये का चालान निश्चित किया गया है।परिवहन विभाग ने ऐसे वाहन मालिकों को एचएसआरपी के पंजीकरण कराने के लिए 15 नवंबर तक की मोहलत दी थी।जिसकी डेडलाइन अब समाप्त हो गई है।इसी के साथ ही साथ विभाग का अमला कार्रवाई करने के सड़क पर उतरेगा।हालांकि पंजीकरण जारी रहेगा। बता दें कि जिले में ऐसे वाहनों की संख्या लगभग 95 हजार है।जिनमें से 15 हजार वाहनों में एचएसआरपी लग चुकी है।सूत्र के मुताबिक 80 हजार वाहनों पर अभी भी पुरानी नम्बर प्लेट लगी है।परिवहन विभाग एचएसआरपी का पंजीकरण करवाने के लिए तीन बार तिथियां घोषित कर चुका है।अब डेडलाइन आगे न बढ़ाकर लापरवाहों पर कार्रवाई की जाएगी।इस संबंध में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि 15 नवंबर तक की डेडलाइन थी।इसके साथ ही कोरोना के कारण दो बार पहले ही वाहन मालिकों को छूट दी जा चुकी थी। तीसरी बार 15 नवंबर तक ऑनलाइन पंजीकरण कराने के लिए वाहन मालिकों से कहा गया था, लेकिन उन्होंने जागरुकता न दिखाते हुए लापरवाही दिखाई है।एचएसआरपी लगवाने के लिए परिवहन विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। दो व चार पहिया वाहन मालिकों को गाड़ी का आरसी नंबर और विभागीय फीस जमा कर पंजीकरण कराना होगा।पंजीकरण होते ही आपको एक रसीद और एचएसआरपी लगवाने की डेट मिल जाएगी।रसीद दिखाकर एचएसआरपी के होने वाले चालान से बच सकते हैं।बाइक के लिए पंजीकरण शुल्क 340 रुपये से शुरू है।फिलहाल अभी 2 व 3 नंबर प्लेट के अंत में है तो अंतिम तारीख 15 फरवरी 2022 है। 4 व 5 नंबर प्लेट के अंत में है तो अंतिम तारीख 15 मई है। 6 व 7 नंबर प्लेट के अंत में है तो अंतिम तारीख 15 अगस्त है तथा यदि 8 व 9 नंबर प्लेट के अंत में है तो अंतिम तारीख 15 नवंबर 2022 है।

# मेरठ में हुई नेशनल शूटिंग चौंपियनशिप के पदक विजेताओं को एसएसपी ने किया सम्मानित

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) एसएसपी शैलेश पांडे के द्वारा नेशनल शूटिंग चौंपियनशिप के पदक धारकों को सम्मानित किया गया।जिसमें इन खिलाड़ियों का प्रतिनिधि कर रहे कोच सनी कुमार वर्मा एवं डॉक्टर अवधेश वर्मा ने बताया की 10 नवंबर से 15 नवंबर को हो रही मेरठ में ऑल इंडिया शूटिंग चौंपियनशिप एक्स आर्मी के द्वारा ओपन साइट प्रतियोगिता में भवदीय पब्लिक स्कूल जिसमें भवदीय शूटिंग रेंज की अयोध्या मंडल को 9 मेडल मिले।जो इतिहास के पन्नों में पहली बार यूपी में अयोध्या मंडल को इतने मेडल मिले। मेडल पाने वालों में खिलाड़ियों के नाम जैनुल आब्दीन खान,पीयूष सिंह, शिवम यादव,डॉ भुवन, डॉ मनीष, विश्वास जयसवाल,शिव ओम तिवारी, अनुराधा ओझा व अंश सिंह इनके उज्जवल भविष्य के लिए भवदीय पब्लिक स्कूल की संचालिका डॉ रेनू वर्मा ने शुभकामनाएं दी।

# बाइक विक्रम की टक्कर में महिला सहित तीन घायल

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) जिले के कोतवाली की भेलसर चौकी क्षेत्र के भेलसर चौराहा पर हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए।घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी रूदौली में भर्ती कराया।सूत्र के मुताबिक भेलसर चौकी के राष्ट्रीय राजमार्ग के उत्तर ओर सर्विस रोड पर बाइक से तीन लोग जा रहे थे जिनकी इदगाह मस्जिद के निकट विक्रम से टक्कर हो गई।टक्कर में बाइक सवार एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए।वहां मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।सूचना मिलते ही भेलसर चौकी प्रभारी सन्तोष कुमार उपाध्याय अपने हमराहियों के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर तीनो घायलों को बिना एम्बुलेंस का इंतजार किये तत्काल सरकारी पुलिस जीप से सीएचसी रूदौली में भर्ती कराया।इस सम्बंध में भेलसर चौकी प्रभारी सन्तोष कुमार उपाध्याय ने बताया कि बुधवार को लगभग चार बजे भेलसर चौराहा पर तीन लोग बाइक संख्या यूपी 41वी 1854 से जा रहे थे जिनकी विक्रम संख्या यूपी 42ए टी 8168 से टक्कर हो गई जिसमें रामलाल पुत्र राममिलन 32 वर्ष निवासी भेलसर व महिला तारादेवी पत्नी कालिका प्रसाद 60 वर्ष व समर बहादुर पुत्र श्री राम ग्राम सरैया सुल्तानपुर थाना मवई घायल गम्भीर रूप से घायल हो गए जिन्हें पुलिस जीप से इलाज के लिए सीएचसी रूदौली में भर्ती कराया गया है।

# अशर्फी भवन कटरा व देवकाली बाईपास पर बनेगा सामुदायिक भवन

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) अयोध्या के विकास में हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड भारत सरकार ने सीएसआर फंड से प्रथम चरण में अशर्फी भवन के पास प्राथमिक विद्यालय कटरा के बगल एवं देवकाली बाईपास पर सामुदायिक भवन बनाने को आर्थिक मदद के लिए गुरूवार को हुडको के संयुक्त महाप्रबंधक फाइनेंस रतन प्रकाश, प्रबंधक कानून दीपक कुमार की बैठक नगर आयुक्त विशाल सिंह की अध्यक्षता में विकास प्राधिकरण स्थित कार्यालय में हुई। बैठक में निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता एमएन झा, सहायक अभियंता राकेश तिवारी व विनोद पटेल की मौजूदगी में तय किया गया की हुडको के अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कराया जाए जिससे आगे की कार्रवाई हो सके।इस संबंध में नगर निगम के जनसम्पर्क अधिकारी राम किशोर ने बताया कि प्राइमरी पाठशाला कटरा निकट अशर्फी भवन और देवकाली बाईपास हाईवे पर स्थित भूमि पर सामुदायिक भवन निर्माण होना है। स्थलीय निरीक्षण के समय पार्षद घनश्याम दास, ओपी सिंह कर निरीक्षक भी शामिल रहे। हुडको के अधिकारी रत्न प्रकाश ने कहा कि अयोध्या के विकास में इन दो परियोजनाओं से सहयोग की शुरुआत कर आने वाले समय में हुडको अधिक से अधिक आर्थिक सहायता सीएसआर फंड से उपलब्ध कराएगा। आज पहली विजिट है। इन दो परियोजनाओं का परियोजना प्रस्ताव प्राप्त होने के उपरांत अन्य विकास की योजनाओं पर भी चर्चा करके सहयोग का क्षेत्र और बढ़ाया जाएगा। नगर आयुक्त विशाल सिंह ने अवर अभियंता विनोद पटेल को निर्देशित किया कि दोनों स्थानों की परियोजना को यथाशीघ्र तैयार कर हुडको के क्षेत्रीय कार्यालय मैं दें। अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, जनसंपर्क अधिकारी राम किशोर यादव, निर्माण विभाग के संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ परियोजना को अंतिम रूप प्रदान कर कार्रवाई सुनिश्चित कराएंगे।

## ग्राम सभा मुजफ्फरपुर के ग्रामीणों ने बनाई चुनाव बहिष्कार की योजना

अयोध्या। (सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) ग्राम सभा मुजफ्फरपुर जाना पहचाना नाम लगातार चर्चा के केंद्र में बना हुआ नाम मुजफ्फरपुर की जनता ने ग्रामीण यतींद्र पांडे व संतोष पाठक के नेतृत्व में 2022 के चुनाव बहिष्कार का निर्णय लिया है नेशनल हाईवे एनएच 27 से मुजफ्फरपुर , गोड़खड़ा ,अजरका गौरियामऊ, के रास्ते रुदौली जाने का बहुत ही आसान रास्ता है जिस के रास्ते से दर्जनों गांव का आवागमन है लेकिन स्थानीय नेताओं व मौजूदा विधायक सांसद वा की अनदेखी से मुजफ्फरपुर की जनता त्राहि–त्राहि कर रही है मौजूदा समय में बीजेपी की सरकार है और स्थानीय विधायक भी बीजेपी से रामचंद्र यादव है इसके पहले ग्रामीण संतोष कुमार पाठक एडवोकेट शरद यादव पत्रकार रमेश पांडे आदि ग्रामीणों के द्वारा पूर्व में ज्ञापन भी सौंपा गया था जिस पर विधायक के द्वारा आश्वासन दिया गया था की रोड का निर्माण कार्य जल्द शुरू करा दिया जाएगा बच्चों को जैसे टाफी लॉलीपॉप देकर बेवकूफ बनाया जाता है ठीक वैसे ही स्थानीय नेता जनता वा ग्रामीणों को बेवकूफ बनाने का कार्य कर रहे है चाहे रामचंद्र यादव हो या सपा से पूर्व विधायक मंत्री रुश्दी मियां हो इन दोनों नेताओं से ही जनता त्रस्त हो चुकी है सिर्फ चुनावी वादों के अलावा इनके पास कुछ नहीं है जनता को बेवकूफ बनाने का कार्य लगातार करते आ रहे हैं पिछले 10 वर्षों सपा से रुश्दी का रहा वा अभी 10वर्षों का कार्यकाल मौजूदा विधायक रामचन्द्र यादव का रहा जिसमें मुजफ्फरपुर जगदीशपुर से होते हुए गौरियामऊ संपर्क मार्ग की तरफ किसी भी नेता मंत्री सांसद विधायक का ध्यान नहीं दिया गया जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है आने वाले विधानसभा चुनाव में दोनों ही नेताओं को इसका अंजाम भुगतना होगा आने वाली 29 तारीख को पत्रकार संपादक यतीन्द्र पांडे व ग्रामीण पत्रकार संतोष कुमार पाठक भारत समाचार से सुनील मिश्रा साजन वीरेंद्र मिश्रा आनंद पाठक अभिलाख यादव एडवोकेट शरद यादव पत्रकार रमेश पांडे के नेतृत्व में ग्रामीणों की मीटिंग प्रस्तावित की गई है विधानसभा चुनाव के बहिष्कार की योजना को मूर्त रूप दिया जाएगा इन दोनों नेताओं के गांव में बिल्कुल घुसने नहीं दिया जाएगा।

# मवई पुलिस ने दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार करने का किया दावा

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) जिले के मवई पुलिस ने बुधवार को गैर इरादतन हत्या के दो आरोपियों को बरकत अली पुरवा गांव के मोड़ से गिरफ्तार करने का दावा किया।दोनों हत्यारोपी कहीं भागने की फिराक में वाहन का इंतजार कर रहे थे।पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।इस हत्याकांड के दो आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं।मवई के थाना प्रभारी विश्वनाथ यादव के मुताबिक मुखबिर के जरिये सूचना मिली कि दो हत्यारोपी ग्राम बरकत अली पुरवा गांव के मोड़ पर कहीं भागने के फिराक में सवारी के इंतजार में खड़े हैं।सूचना मिलने के बाद पुलिस चौकन्नी हो गई। प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर सैदपुर चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार यादव ने सिपाही सरस यादव तथा विनोद कुमार के साथ मौके पर पहुंच कर दोनो आरोपियों ग्राम खरिका निवासी अमर बहादुर पुत्र राम कैलाश तथा विशाल पुत्र बाबूराम को गिरफ्तार कर लिया।मालूम हो कि तीन दिन पूर्व मवई थाना क्षेत्र के ग्राम खरिका में खेत की सिंचाई के दौरान हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल गया।बक्स नाम के वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।इस मामले में मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया था।थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों को गैर इरादतन हत्या की धारा 304 के तहत जेल भेजा जा रहा है।उन्होंने बताया शेष दो आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## अब मिलेगी ग्राम पंचायतो को 20 वर्षो से तहसील में डंप धनराशि

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) विकास खण्ड मुख्यालय सोहावल पर प्रधान संघ की बैठक आहूत की गई जिसमें सोहावल तहसील क्षेत्र में स्थित तालाबों को मत्स्य पालन हेतु नीलाम करने से मिलने वाली धनराशि का पचहत्तर प्रतिशत ग्राम पंचायतों को मिलने का शासनादेश है। लेकिन विगत लगभग बीस वर्षों से तहसील के अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायतों को उक्त धनराशि ना देकर उनके अधिकार पर डाका डाला जा रहा है। इस संबंध में सोहावल तहसील के आक्रोशित ग्राम प्रधानों द्वारा विकासखंड मुख्यालय पर स्थित सभागार में बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया। इस विषय में खण्ड विकास अधिकारी रशेष गुप्ता को प्रधान संघ अध्यक्ष शिवाकांत तिवारी ब्लाक प्रमुख एवं प्रधान प्रतिनिधि सर्वेश सिंह चौहान,प्रधान गिरजेश तिवारी बब्बू,प्रधान कप्तान तिवारी,प्रधान योगेंद्र सिंह फौजी,प्रधान राजेश तिवारी,प्रधान अविरल तिवारी प्रधान करिया प्रधान मनोज कुमार सिंह प्रधान अयोध्या प्रसाद वर्मा प्रधान शांति देवी प्रधान कुसुम प्रधान विष्णु निषाद प्रधान साधना देवी प्रधान अर्जुन मिश्रा प्रधान ज्वाला प्रसाद प्रधान शैलजा पांडेय आदि प्रधानों ने सौंपा ज्ञापन ज्ञापन के उपरांत खंड विकास अधिकारी ने बीस वर्षों से डंप उक्त धनराशि ग्राम पंचायतों के ग्राम निधि खाते में हस्तांतरित करने का एक अनुरोध पत्र एसडीएम जय जीत कौर मिश्रा को भेजा उक्त पत्र की एक प्रति प्रधान गिरजेश तिवारी कप्तान तिवारी सर्वेश सिंह बड़े बाबू योगेंद्र सिंह फौजी राजेश तिवारी डब्बू पांडेय विष्णु निषाद अर्जुन मिश्रा बलराम पाठक आदि के साथ तहसीलदार पवन कुमार गुप्ता को सौंपा गया है। जल्द ही सभी ग्राम पंचायतों के ग्राम निधि खाते में अंश धनराशि तहसील स्तर से स्थानांतरित की जायेगी।उक्त धनराशि से ग्राम पंचायतों का विकास कार्य और बढ़ेगा प्रधानों की मेहनत रंग लायी है।

# छः माह में दो बार चोरी हुआ गौशाला का समरसेबल : पुलिस ने नहीं दर्ज की अब तक एक बार भी रपट

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी सतीचौरा के पीछे मौजूद केशव गोधाम गोशाला मैं लगा समरसेबल छह माह में दो बार चोर पाइप सहित खींच कर निकाल ले गए 15 बटे 16 की रात चोरों ने समरसेबल को पाइप सहित खींचकर गायब कर दिया जिससे गौशाला में मौजूद गायों के पेयजल की समस्या खड़ी हो गई है गौशाला संचालक इंजीनियर अजय पाल सिंह ने बताया घटना की लिखित शिकायत चौकी इंचार्ज डी एन राय को उसी दिन दे दी गई है पर अभी तक ना तो रपट लिखी गई है न ही समरसेबल का पता लगा है अजय पाल सिंह ने बताया 1 वर्ष पूर्व किसी गौशाला से भूसा वह हरा चारा ढोने वाला ठेला भी चोरी हो गया था उसकी भी रपट रोना ही पुलिस ने नहीं लिखी थी अजय पाल सिंह ने एसएसपी फैजाबाद शैलेश पांडे से इस प्रकरण हस्तक्षेप करते हुए रपट दर्ज करा कर दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

## कार्तिक पूर्णिमा पर्व राम नगरी अयोध्या में लाखो की संख्या में उमड़े श्रद्धालु

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व की पूर्व संध्या पर ही गुरुवार को रामनगरी अयोध्या में लाखो की संख्या में श्रद्धालु उमड़े।जो पवित्र सलिला सरयू नदी में जाकर स्नान करते दिखे।वही शुक्रवार को जिला व पुलिस प्रशासन दिन भर भीड़ को नियंत्रित करने व सुरक्षा में दिखे रहे।सूत्र के मुताबिक कार्तिक पूर्णिमा गुरुवार को सुबह 11 बजे से ही लग गई थी। ऐसे में बड़ी संख्या में भक्तों ने सरयू में स्नान कर दर्शन–पूजन किया।वही मुख्य स्नान पर्व शुक्रवार को होने के चलते सरयू तट पर लाखों की भीड़ जुटी रही।वही इसी कड़ी में चौदहकोसी व पंचकोसी परिक्रमा सकुशल संपन्न कराने के बाद कार्तिक परिक्रमा मेले के आखिरी पड़ाव पूर्णिमा स्नान की तैयारी को लेकर गुरुवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने ब्रीफिंग कर मेले की व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मियों को उनका दायित्व समझाया।जिनकी आज इस मेले में परीक्षा की घडीघ है।अयोध्या में श्रीराम व बजरंगबली का जयघोष गूंज रहा है।चूंकि पूर्णिमा गुरुवार से शुरु होकर आज सुबह सुबह लाखो की संख्या में श्रद्वालुओ द्वारा दर्शन–पूजन व स्नान का दौर शुरु रहा।वही बड़ी संख्या में भक्तों ने गुरुवार को भी पावन सलिला सरयू में स्नान कर विभिन्न मठ–मंदिरों में दर्शन–पूजन किया।जो शुक्रवार को हनुमानगढ़ी में दिन भर दर्शन को भक्तों की कतार लगी रही।रामलला का दरबार भी भक्तों से गुलजार रहा।हालांकि उदयातिथि की मान्यता वाले बड़ी संख्या में भक्त शुक्रवार अलसुबह से सरयू में स्नान के लिए उमड़ें दिखे।रामनगरी में शुक्रवार को ही देव दीपावली का पर्व भी मनाया जा रहा है।वही आज इस मौके पर सरयू तट पर दीपदान एवं महाआरती का



आयोजन होगा।जिसके लिये पूर्णिमा पर्व को लेकर प्रशासन ने तैयारी पूरी कर लिया था।पहले से ही मेला क्षेत्र में यातायात डाववर्जन सहित सुरक्षा का खाका तैयार किया जा चुका है।पंचांग के अनुसार साल का आठवां महीना कार्तिक महीना होता है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा कार्तिक पूर्णिमा कहलाती है। सृष्टि के आरंभ से ही यह तिथि बड़ी ही खास रही है। पुराणों में इस दिन स्नान, व्रत व तप की दृष्टि से मोक्ष प्रदान करने वाला बताया गया है।रामनगरी के प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. हरिप्रसाद दुबे ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा का पर्व सिर्फ वैष्णव व शैव भक्तों ही नहीं बल्कि सिख धर्म के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। विष्णु के भक्तों के लिए यह दिन इसलिए खास है क्योंकि भगवान विष्णु का पहला अवतार इसी दिन हुआ था। इसी दिन भगवान भोलेनाथ ने त्रिपुरासुर नामक महाभयानक असुर का संहार किया था। जिससे वह त्रिपुरारी के रूप में पूजित हुए। इसलिए इसे 'त्रिपुरी पूर्णिमा' भी कहते हैं। डॉ. दुबे ने बताया कि सिख धर्म में कार्तिक पूर्णिमा के दिन को प्रकाशोत्सव के रूप में मनाया जाता है। क्योंकि इसी दिन सिख संप्रदाय के संस्थापक गुरु नानक देव का जन्म हुआ था।इस पर्व पर मंडलायुक्त अयोध्या मंडल अयोध्या एम पी अग्रवाल,आईजी अयोध्या रेंज के पी सिंह, जिलाधिकारी नीतीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय अपने अधीनस्थ कर्मियो, आरएएफ व अन्य सुरक्षा कर्मियो के साथ भ्रमण करते दिखे।

# प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिये आगे आये जनपद के इन्जीनियर्स : लांच किया इलेक्ट्रॉनिक बाइक

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिये आगे आये जनपद के इन्जीनियर्स ने इलेक्ट्रॉनिक बाइक का लांच किया है।DSUN कम्पनी के FOUNDER उपकारी नाथ त्रिपाठी के साथ साथ इंजीनियर मार्तंड शर्दुल के कुशल निर्देशन में तैयार की गई पहली कैन्छ बाइक।स्आदत गंज स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर पर आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में की गई बाइक की लांचिंग।स्आदत गंज मंदिर के पुजारी त्रिलोकी बाबा का आशीर्वाद लेकर की गई कार्यक्रम की शुरुआत।मुख्य अतिथि के रुप में आये नगर आयुक्त विशाल सिंह ने फीता काटर की पहली ई–बाइक को जनता के सामने किया गया पेश। बाइक पूरी तरह से इलेक्ट्रानिक सिस्टम पर निर्भर।एक बार की चार्जिंग पर चलेगी 40 किमी।रखेगी पूरी तरह से वातावरण को शुद्ध।बाइक को माना जा रहा है पर्यावरण को शुद्व रखने और आत्म निर्भर भारत की ओर उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम। 19 हजार से 25 तक की रेंज में बाईकें होंगी उपलब्ध।अभी कम्पनी द्वारा सिर्फ 3 बाइकें की गईं हैं



निर्मित।कम्पनी के फाउंडर उपकारी नाथ त्रिपाठी का कहना है कि जल्द ही की जायेंगी बड़ी संख्या में निर्मित की जायेंगी ई– बाइक्स।अभी एडवांस बुकिंग कराकर ही पाई जा सकेंगी ई–बाईक्स।कम्पनी की आधिकारिक बेवसाइट WWW.DSUNBIKE.IN पर शुरु की गई आन लाइन बुकिंग। भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वगातार Vocal for local (आत्मनिर्भर भारत ) की योजना पर दे रहे हैं जोर।इस ई बाइक के लांचिग से अयोध्या जनपद के उद्यमियों व्यापारियों के साथ साथ श्रमिकों को भी मिल सकेगा रोजगार।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / **R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com



**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।